उज्जैन
सोमवार
17
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-284
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ खंडवा रोड: 1 घंटे का सफर 5-8 घंटे में रेंगते रहे सैकड़ों वाहन
7 ▸ हॉकी वर्ल्डकप- 32 साल से इंग्लैंड से नहीं जीता भारत

## बांग्लादेश ने कहा- पूर्व पीएम शेख हसीना को वापस भेजो

**ढाका।** बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान का भारत दौरा फिलहाल टल गया है। ढाका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पहले भारत पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस भेजे। इसके बाद ही पीएम रहमान के भारत दौरे की तैयारियां आगे बढ़ेंगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ए.के. शाहिदुल करीम ने कहा कि मौजूदा हालात में यात्रा के लिए सही माहौल नहीं है। बांग्लादेशी प्रधानमंत्री 21 अगस्त को दिल्ली आने वाले थे। इस दौरे को लेकर दोनों देशों में बातचीत चल रही थी। शाहिदुल करीम ने कहा- नई दिल्ली में 5 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने भारत की जमीन से राजनीतिक बयान दिए। इससे यात्रा के लिए बना माहौल खराब हुआ। करीम ने कहा कि बांग्लादेश पहले भी इस मुद्दे पर अपना रुख साफ कर चुका है। हम चाहते हैं कि पीएम तारिक की यात्रा से पहले दोनों देशों के बीच सही माहौल बना सकें।

## ट्रम्प ने पाक-सऊदी-तुर्किये के रक्षा समझौते पर खुशी जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच हुए मक्का संयुक्त रक्षा समझौते का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस डील से तीनों देश मिलकर अपनी रक्षा ज्यादा मजबूती से कर सकेंगे। ट्रम्प ने रविवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा, मुझे बहुत खुशी है कि पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये ने आखिरकार मक्का संयुक्त रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इससे पता चलता है कि मिडिल-ईस्ट एकजुट हो रहा है और देश अब ज्यादा मजबूती से अपनी रक्षा कर सकेंगे। ट्रम्प ने तीनों देशों के नेताओं को बधाई देते हुए डील को बड़ा, साहसी और अहम पहला कदमह्व बताया।

## दक्षिण कोरिया के साथ सैन्य अभ्यास घटाएगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के साथ होने वाले सैन्य अभ्यासों को कम करने का ऐलान किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को अभ्यासों में कटौती करने का आदेश दिया है। ट्रम्प ने कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से उनके अच्छे रिश्ते हैं। ऐसे में अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास उत्तर कोरिया को गलत और दुश्मनी वाला संदेश देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन अभ्यासों पर अमेरिका का काफी पैसा खर्च होता है। हालांकि, दक्षिण कोरिया ने कहा है कि अमेरिका के साथ सैन्य अभ्यास तय कार्यक्रम के मुताबिक होंगे। अमेरिका और दक्षिण कोरिया का उल्ची फ्रीडम शील्ड अभ्यास इसी हफ्ते शुरू होना है। इसमें दक्षिण कोरिया के करीब 18 हजार सैनिक हिस्सा लेंगे।

## रूस पर यूक्रेन का सबसे बड़ा ड्रोन हमला 6 लोगों की मौत

**मॉस्को/कीव।** यूक्रेन ने रविवार को रूस पर युद्ध शुरू होने के बाद अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। इसमें कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई। इन ड्रोन हमलों में मॉस्को के पास रूसी ई-कॉमर्स कंपनी वाइल्डबेरिज के डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर में आग लग गई। यह गोदाम करीब 2 लाख वर्ग मीटर में फैला है। सामने आई तस्वीरों में इमारत का बड़ा हिस्सा आग की चपेट में दिखाई दिया। आसमान में दूर तक काला धुआं उठता नजर आया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने पिछले 24 घंटे में 9 यूक्रेनी क्रूज मिसाइल और कुल 1,478 ड्रोन मार गिराए हैं। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि करीब 600 ड्रोन राजधानी की ओर दागे गए थे। उन्होंने इसे पिछले दो साल में मॉस्को पर हुआ सबसे बड़ा हवाई हमला बताया।

## भाजपा ने सोनिया गांधी के खिलाफ पुलिस शिकायत की

**बेंगलुरु।** भाजपा ने सोनिया गांधी के खिलाफ बेंगलुरु और मंगलुरु में पुलिस शिकायत दर्ज कर वंदे मातरम के अपमान का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की। बेंगलुरु में बीजेपी युवा मोर्चा ने मल्लेश्वरम और मंगलुरु में बीजेपी नेताओं ने उर्वा थाने में शिकायत दी। पुलिस ने अभी एफआईआर दर्ज नहीं की है। दरअसल, भाजपा का आरोप है कि सोनिया गांधी ने स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम को रुकवाने का इशारा किया था। इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने देशभर में विरोध प्रदर्शन भी किया। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक धीरज मुनिराजू ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी को वंदे मातरम के अपमान के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## ईरानी सेना बोली-अमेरिकी सैनिकों को मारने-पकड़ने पर 28 लाख रुपये इनाम

**तेहरान।** ईरानी सेना ने ऐलान किया है कि किसी अमेरिकी सैनिक को मारने या पकड़ने वाले व्यक्ति को 30 हजार डॉलर (करीब 28 लाख रुपए) का इनाम दिया जाएगा। अगर यह काम कोई महिला करती है तो इनाम की रकम दोगुनी यानी 60 हजार डॉलर कर दी जाएगी। ईरानी सेना के कमांडर-इन-चीफ अमीर हातमी ने तेहरान में कहा कि यह योजना कई मांगों के बाद बनाई गई है। यह उन लोगों के लिए है, जो फाइनेंशियल जिहाद के जरिए देश के युद्ध प्रयासों में आर्थिक रूप से मदद करना चाहते हैं। हातमी ने कहा कि इस संघर्ष ने अमेरिका के सैन्य दबदबे को कमजोर किया है।

### 12 बजते ही खुले भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट, पूरे साल में सिर्फ 24 घंटे के लिए होते हैं दर्शन

# श्री नागचंद्रेश्वर में 4 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन


**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

श्रावण माह के तीसरे सोमवार और नागपंचमी के संयोग पर उज्जैन में आज श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। वर्ष में एक बार खुलने वाले नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट रविवार रात 12 बजे खोले गए। मंदिर अगले 24 घंटे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुला रहेगा।

वहीं सावन के तीसरे सोमवार पर बाबा महाकाल के दर्शन के लिए भी देर रात से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। महाकाल मंदिर के पट तड़के 2:30 बजे खोले गए और भस्म आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

दोनों मंदिरों में दर्शन के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को मंदिरों तक पहुंचने के लिए करीब डेढ़ किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ सकता है। प्रवेश और निर्गमन के रास्ते भी अलग-अलग निर्धारित किए गए हैं।

इधर शाम 4 बजे बाबा महाकाल की तीसरी सवारी निकलेगी। सवारी में चंद्रमौलेश्वर पालकी में, मनमहेश हाथी पर और शिव-तांडव प्रतिमा गरुड़ रथ पर विराजित रहेगी।



- सावन सोमवार-नागपंचमी एक साथ, उज्जैन में सवारी भी निकलेगी
- श्रद्धालुओं को मंदिरों तक पहुंचने के लिए करीब डेढ़ किमी तक पैदल चलना होगा
- प्रवेश और निर्गमन के रास्ते भी अलग-अलग निर्धारित किए गए

नागपंचमी और सावन के तीसरे सोमवार के दुर्लभ संयोग पर उज्जैन में भगवान नागचंद्रेश्वर के पट 16 अगस्त की रात 12 बजते ही खुल गए हैं। साल में केवल 24 घंटे खुलने वाले मंदिर में देशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। दर्शन के लिए मंदिर के पट 17 अगस्त रात बजे तक खुले रहेंगे। सोमवार और महाकाल की सवारी का दिन होने से लाखों लोगों के आने की संभावना है।

महाकाल मंदिर के शिखर पर स्थित भगवान नागचंद्रेश्वर महादेव मंदिर के पट रात 12 बजे खोले गए। परंपरानुसार सबसे पहले श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से महंत विनीत गिरि महाराज ने मंदिर के द्वार खोले। इसके बाद सभी श्री नागचन्द्रेश्वर मंदिर की दुर्लभ प्रतिमा के पास पहुंचे, जहां भगवान का विशेष पूजन अर्चन कर त्रिकाल पूजा की शुरूआत की गई। इस पूजन अर्चन और आरती के बाद बाबा महाकाल के शिखर के नीचे विराजमान भगवान के शिवलिंग का भी पूजन अर्चन कर आरती कर भोग लगाया गया, जिसके बाद आम श्रद्धालुओं का मंदिर में प्रवेश शुरू हुआ। भगवान के दर्शन का यह सिलसिला अगले 24 घंटे यानी सोमवार रात 12 बजे तक चलता रहेगा।

## सूमो रहेगी आकर्षण का केन्द्र

### गुजरात से विशेष रूप से बुलाए हैं कलाकार

बाबा महाकालेश्वर की तीसरी सवारी मे मादा हाथी सूमो आकर्षण का केन्द्र रहेगी। इसकी विशेष साज सज्जा सभी को मोह लेगी ऐसी पूरी उम्मीद है ये कहना है निर्मोही अखाड़े के हाथी सूमो के महावत वीरेन्द्र गोस्वामी का। दैनिक ब्रह्मास्त्र से विशेष चर्चा मे महावत वीरेन्द्र ने बताया कि बाबा के मनमहेश विग्रह को सूमो इस सोमवार सवारी मे दूसरी बार लेकर चलेगी। कालों के काल महाकालेश्वर की सवारी मे निर्मोही अखाड़े की सूमो को इस वर्ष पहली बार अवसर और सौभाग्य मिल रहा है अतः हमारी तरफ से भी सूमो को सुसज्जित करने मे विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज निकलने वाली तीसरी सवारी मे सूमो मोहक रूप मे अपनी मदमस्त चाल से मनमहेश के मोहिनी रूप को अपनी पीठ पर लेकर चलेगी। हाथी को सजाने के लिए गुजरात से विशेष कलाकार अखाड़े मे आए हुए हैं। कलाकार सोनू पेन्टर को हाथी को सजाने का दीर्घ अनुभव रहा है। वे लगभग 20वर्षों से अहमदाबाद मे निकलने वाली प्रसिद्ध जगन्नाथ यात्रा के हाथियों को सुसज्जित करते रहे हैं। कलाकार सोनू ने बताया कि हम हर्बल रंगों से हाथी के मस्तक से लेकर सूंड तक चित्रकारी करते हैं। सजाने के लिए चटक गुलाबी व पीले रंगों का सर्वाधिक उपयोग होता है। उन्होने आगे बताया कि सूमो बेहद शांत प्रकृति की मादा हाथी है और उसको सुसज्जित करने मे किसी तरह की परेशानी नहीं आई। आज सायंकाल जब सूमो बाबा की सवारी मे निकलेगी तो श्रद्धालु उसके मोहक रूप को एकटक देखते रहें ऐसा प्रयास हम कर रहे हैं। महावत वीरेन्द्र का कहना है कि सूमो अपनी विभिन्न मुद्राओं से सभी दर्शकों का ध्यान आकर्षित करेगी।



## श्रद्धालुओं में उत्साह

इधर, सावन के तीसरे सोमवार पर आज शाम राजाधिराज भगवान महाकाल अपनी तीसरी सवारी पर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। बाबा महाकाल विभिन्न स्वरूपों में भक्तों को दर्शन देते हुए परंपरागत सवारी मार्ग से गुजरेंगे। सवारी को लेकर भी श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। शहर के प्रमुख मार्गों और सवारी मार्ग पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। नाग पंचमी पर एक ओर नागचंद्रेश्वर के दुर्लभ दर्शन का पुण्य लाभ लेने श्रद्धालु उमड़े हैं, वहीं शाम को बाबा महाकाल की सवारी धर्म और आस्था के इस उत्सव को और भव्य बनाएगी।

### नागपंचमी पर सोमवार का संयोग

इस बार नाग पंचमी का पर्व सोमवार के विशेष संयोग में मनाया जा रहा है। सोमवार भगवान शिव को समर्पित दिन है और इसी दिन नाग पंचमी पड़ने से महाकाल की नगरी में इस पर्व का धार्मिक महत्व और बढ़ गया है। सुबह से ही महाकालेश्वर मंदिर और नागचंद्रेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। नाग पंचमी, सोमवार और बाबा महाकाल की सवारी का यह त्रिवेणी संयोग उज्जैन में श्रद्धा, भक्ति और उत्सव का विशेष वातावरण बना रहा है।

### मंदिर में जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालु जुटे, बिजली का खंभा गिरने से करंट फैला

# लखीसराय में भगदड़ से 7 महिलाओं की मौत

### 12 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखीसराय**

बिहार के लखीसराय में सोमवार को भगदड़ मच गई। हादसे में 7 महिलाओं की मौत हो गई। 12 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। घटना अशोकधाम स्टेशन से मंदिर जाने वाले रास्ते पर हुई।

उप-मंडल पुलिस अधिकारी शिवम कुमार के मुताबिक, बिजली का पोल गिरने और लोगों के करंट की चपेट में आने की बात सामने आई है। इसके बाद वहां अफरा-तफरी मची और लोग इधर-उधर भागे। इसी दौरान बैरिकेडिंग टूट गई और कई लोग एक-दूसरे के ऊपर गिर गए। सही वजह जांच के बाद ही पता चलेगी।




### बिहार के मंदिर में 5 महीने में दूसरी बड़ी भगदड़

करीब 5 महीने पहले भी बिहार के एक मंदिर में भगदड़ मची थी। 31 मार्च को नालंदा के मघड़ा शीतला मंदिर में चैत्र के आखिरी मंगलवार पर 25 हजार से ज्यादा श्रद्धालु जुटे थे। दर्शन की जल्दी में धक्का-मुक्की के बाद भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में 8 महिलाओं समेत 9 लोगों की मौत हुई थी। सावन के तीसरे सोमवार को मची भगदड़ में 7 महिलाओं की मौत हो गई है।

### श्रद्धालु बोले- करंट की बात सुनकर लोग भागने लगे

- दर्शन के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु ने कहा, बहुत भीड़ थी। तभी पोल गिरने और करंट लगने की बात फैली। इसके बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए भगने लगे, तभी बैरिकेडिंग टूटी और लोग एक-दूसरे पर गिर गए।
- रउद्धड शिवम कुमार ने बताया कि सात लोगों की मौत की खबर है। बताया जा रहा है कि वहां बिजली का एक खंभा गिर गया और लोग बिजली की चपेट में आ गए, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। हम पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही सही वजह बता पाएंगे।
- वहीं लखीसराय डीएम ने कहा, मैं खुद साढ़े तीन बजे से था। लगभग साढ़े 6 बजे अचानक से भीड़ बढ़ गई। थोड़ी देर में पता चला कि खेत के साइड की बैरिकेंडिग टूटने से लोग एक-दूसरे के ऊपर गिर गए।

## बीरभूम में होटल में लगी भीषण आग पांच लोगों की मौत



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीरभूम**

पश्चिम बंगाल के बीरभूम में एक होटल में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। घटना बीरभूम जिले के तारापीठ के होटल में हुई। हताहतों के बारे में आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, ऐसे में आंकड़ों में बदलाव हो सकता है।

सावन के सोमवार के दिन बिहार के लखीसराय के अशोकधाम मंदिर में भगदड़ जैसी स्थिति के बाद बंगाल से भी हादसे की दर्दनाक खबर सामने आई है। बीरभूम के तारापीठ में एक होटल में लगी भीषण आग लग गई। जिसके कारण पांच लोगों की मौत की खबर है। कई लोगों के झुलसने की भी खबर है। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है।

### सरकारी नौकरियों में 99% घोटाला

# सब ठीक कर लो वरना फिर करूंगा आंदोलन: बाबा रामदेव

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ देहरादून**

योग गुरु बाबा रामदेव ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर युवाओं के आंदोलन को लेकर बात की और खुद भी बड़ी चेतावनी दे डाली। उन्होंने सरकारी नौकरियों के इंटरव्यू में 99 फीसदी तक के घोटाले की बात कही। उनका कहना था कि सब कुछ सही से नहीं हो रहा है। इससे युवाओं में गुस्सा है और जगह-जगह आंदोलन हो रहे हैं। बाबा रामदेव ने कहा, 'सरकारी नौकरी में इंटरव्यू के दौरान 90 से 99% घोटाला होता है। अपने-अपने विचार अपने संगठन अपने संगठन अपने संस्कार अपनी जाति वर्ग समुदाय के लोगों को ठोक लेते हैं और बाकी को बाहर धक्का मार देते हैं।

बाबा रामदेव ने कहा कि यह बहुत ही अपमानजनक है और लोकतंत्र के खिलाफ है। यह न्याय के भी खिलाफ है। एक तरफ हम कह रहे हैं सत्यमेव जयते तो दूसरी जब किसी को इंटरव्यू की बारी आती है तो 10 में से पहले से तय करके और पैसे लेकर भर्ती की जाती है। रामदेव ने कहा कि ऐसे ही रहा तो हमको आंदोलन करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे देश कैसे चलेगा भाई सुधर जाओ, नहीं तो देश में आंदोलन और ज्यादा भी हो सकते हैं। आंदोलन के नाम पर अराजकता का समर्थक नहीं हूं। लेकिन यह बात तो जरूर है देश में घोटाला भी बहुत है। ये ठीक कर लो नहीं तो कहीं ऐसा ना हो कि बाबा रामदेव को दोबारा आंदोलन करना पड़े।



### एक-दूसरे के प्रति नफरत फैलाना बंद करो

रामदेव ने राजनीतिक नेताओं से आंतरिक संघर्षों से बचने और देश से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नेताओं को आपस में नहीं लड़ना चाहिए और तर्क दिया कि देश के लोगों को नफरत और शत्रुता से विभाजित रहने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### सागर में बंदूक तलाशने पहुंची पुलिस

# ड्राइवर के घर 3 करोड़ मिले

### नोट गिनने मशीन मंगानी पड़ी, परिजन बोले- पीडब्ल्यूडी इंजीनियर की रकम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर**

मध्यप्रदेश के सागर में रविवार को पुलिस एक युवक के घर बंदूक की तलाश में पहुंची थी। सोशल मीडिया पर पिस्तौल के साथ फोटो मिलने के बाद पुलिस उसकी तस्दीक करने पहुंची। तलाशी के दौरान बंदूक तो नहीं मिली, लेकिन एक लॉक अलमारी से बैग में करीब 3 करोड़ रुपए कैश मिला। नोटों की गिनती के लिए मशीन मंगानी पड़ी। पुलिस पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रही है। मामला गोपालगंज थाना क्षेत्र के तिली तिगड्डा का है। पुलिस के मुताबिक, सागर पुलिस ऐसे इंस्टाग्राम प्रोफाइल की स्क्रीनिंग कर रही है, जिनमें आपराधिक प्रवृत्ति के लोग पिस्तौल या चाकू के साथ फोटो डालते हैं। इसी दौरान दो प्रोफाइल में पिस्तौल की फोटो मिली थी। इनमें एक के खिलाफ मोतीनगर और दूसरे के खिलाफ गोपालगंज में कार्रवाई की गई।

## पंजाब- किसानों का खनौरी बॉर्डर पर पक्के मोर्चे का ऐलान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लुधियाना**

पंजाब से दिल्ली जा रहे 55 किसानों को खनौरी-दाता सिंहवाला बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने रोक दिया है। इसके बाद किसानों की जींद डीसी वैशाली शर्मा के साथ दो बार मीटिंग हुई। हालांकि, इसमें कोई हल नहीं निकला। इसके बाद किसानों ने पक्के मोर्चे का ऐलान कर दिया। किसान पंजाब की साइड धरने पर बैठ गए हैं।

### ट्रेन में आरपीएफ जवान पर रेजर से हमला करने का आरोप


# कसौटी जिंदगी की एक्ट्रेस अंतरा बनर्जी गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सूरत**

टीवी अभिनेत्री अंतरा बनर्जी को 12 अगस्त को अरावली एक्सप्रेस में हुए कथित विवाद के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, वह सूरत में शूटिंग के लिए यात्रा कर रही थीं और उनके पास स्लीपर क्लास का टिकट था। आरोप है कि वह आरक्षित एसी कोच में सीट पर बैठ गईं। सीट खाली कराने को लेकर टिकट चेकिंग स्टाफ और अभिनेत्री के बीच विवाद शुरू हुआ।

रेलवे पुलिस (जीआरपी) के मुताबिक, आरपीएफ टीम के एक अधिकारी ने सीट खाली कराने में मदद करने की कोशिश की। इसी दौरान कथित तौर पर विवाद बढ़ गया और अंतरा ने आरपीएफ कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया। शिकायत के अनुसार, अभिनेत्री ने एक आरपीएफ कर्मी पर रेजर ब्लेड से हमला भी किया। घटना के बाद रेलवे पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

### कौन हैं अंतरा बनर्जी?



31 वर्षीय अंतरा बनर्जी का जन्म कोलकाता में हुआ था। 2013 में वह अपने माता-पिता के साथ मुंबई आईं और अभिनय में करियर बनाने लगीं। उन्होंने गुमराह: एंड ऑफ इनोसेंस से टीवी करियर शुरू किया। इसके बाद वह सावधान इंडिया, बढ़ो बहू और लाल इश्क जैसे धारावाहिकों में नजर आईं। फिल्म द शौकीन्स से उन्होंने बॉलीवुड में भी कदम रखा था।

### अगले दिन हिरासत में ली गईं

पुलिस के मुताबिक, बोरीवली रेलवे पुलिस ने अगले दिन अंतरा को हिरासत में लिया। बोरीवली जीआरपी की इंस्पेक्टर कुंदा गावड़े के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अभिनेत्री कथित तौर पर एसी कोच का टिकट नहीं मिलने से परेशान थीं। पुलिस के मुताबिक, उन्होंने परिजनों या कानूनी मदद से संपर्क करने से इनकार किया और खुद को गिरफ्तार करने की मांग की। एफआईआर दर्ज होने के बाद वह शांत हुईं।



## खबर एक नजर...

### बलाई समाज एकता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने शिवलाल बोराना

**उज्जैन।** बलाई समाज एकता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर शिवलाल बोराना को सर्वसम्मति से निर्विरोध नियुक्त किया गया है। यह निर्णय बिलौटीपुरा स्थित बलाई समाज धर्मशाला में आयोजित समाज के तीनों प्रमुख संगठनों के पदाधिकारियों और प्रबुद्धजनों की अहम बैठक में लिया गया। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवलाल बोराना ने महेंद्र सिंह डाबी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही अशोक सोलंकी, हिंदूसिंह पारेगी और भगवान सिंह जाधव को राष्ट्रीय महासचिव तथा हरिशंकर पाटनीस को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। बोराना पूर्व में जनपद पंचायत अध्यक्ष और मध्यप्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य रह चुके हैं। सामाजिक क्षेत्र में उनकी सक्रियता को देखते हुए समाज ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद बोराना ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को मजबूत किया जाएगा। युवाओं को आगे बढ़ाने, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक एकता की दिशा में प्राथमिकता से कार्य होगा। बैठक में बलाई समाज युवा संघ, बिलौटीपुरा धर्मशाला और बलाई समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजन दिनेश, अर्जुन सिंह हारोड़, नागदा के देवी सिंह डाबी व मुकेश राठौर, धर्मशाला अध्यक्ष युवराज, बहादुर सिंह, मायाराम परमार, नाथूसिंह परमार, जगदीश जिंदल, देवास के तेजकरण परमार, इंदौर के संजय यादव व बंटी यादव, निलेश गुजराती, संजय गहलोत, शुभम मकवाना, शाजापुर के संतोष यादव, चंदेसरा के के.एल. परमार और रमेश परमार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। सभी ने बोराना को बधाई देते हुए संगठन के राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत होने की उम्मीद जताई।

### महाराष्ट्र समाज ने मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस, बालिका ने किया ध्वजारोहण

**उज्जैन।** क्षीरसागर स्थित महाराष्ट्र समाज में 80वां स्वतंत्रता दिवस समाज सहसचिव मिलिंद पन्हाळकर के संयोजन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में समाज की बालिका भाग्योदा ठाकरे, अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, पूर्व सचिव अभय आरोनदेकर और वरिष्ठ सदस्य मोरेश्वर सुपेकर ने ध्वज वंदन किया। ध्वजारोहण के पश्चात वनिता मंडल अध्यक्ष अरुणा जोगलेकर ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने समाजजनों को संगठित होकर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर समाज उपाध्यक्ष सदाशिव नायगांवकर, सचिव विश्वास कराहड़कर, सहसचिव अरुण तिलगुड़कर, कोषाध्यक्ष रविन्द्र मूले, सुचिता केतकर, प्रदीप जोग, डीएस कोठालकर, श्री फटाले, राजेश पाठक, तुषार मजूमदार, रवि आयाचित, संजय देशपांडे, अश्विन भागवत, विवेक उदगीर, आरती देशपांडे, कीर्ति गुमाश्ते, रागिनी भागवत, उल्लास लेले, प्रभाकर पाध्ये, श्री रायगुरु और जगन्नाथ अष्टिकर सहित कई वरिष्ठजन मौजूद रहे।

### जीवनदीप परिवार ने किया मेधावी विद्यार्थियों और सेवाभावी सदस्यों का सम्मान

**उज्जैन।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जीवनदीप परिवार द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर सामाजिक सेवा, शिक्षा और मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं सेवाभावी सदस्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में साध्वी दिव्ययशा और साध्वी उपेन्द्र यशा की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनके सान्निध्य और आशीर्वचन से सदस्यों को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आयोजन में कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का गौरव बढ़ाने वाले विद्यार्थियों को सम्मान-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इन विद्यार्थियों में संतोष जैन के पुत्र संयम जैन ने 96.2 प्रतिशत, शैलेन्द्र की पुत्री भक्ति सिरोलिया ने 95.4 प्रतिशत, मनोज जैन की पुत्री खुशी जैन ने 93.2 प्रतिशत तथा विमल जैन के पुत्र महावीर जैन ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। पदाधिकारियों ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और जरूरतमंदों की सेवा ही संस्था की प्राथमिकता है। इस अवसर पर जीवनदीप महिला विंग और परिवार के सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

### रामी नगर धर्मशाला में माली समाज ने किया ध्वजारोहण

**उज्जैन।** स्थानीय रामी नगर धर्मशाला में माली समाज और रामी नगर विकास समिति द्वारा 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम म. फूले शिक्षा संस्थान दिल्ली के राम नारायण चौहान के आतिथ्य में संपन्न हुआ। आयोजन में हेमराज बारोड, भगवान लाल रामी, किशोर भाटी और भेरूलाल उस्ताद अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं प्रस्तुत कीं। वहीं, वरिष्ठ जन डॉ. संजीव नवगोत्री, देवेंद्र बारोड, विशाल चौहान और मंजू बेन ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन गजानंद रामी ने किया तथा आभार योगेश चावड़ा ने माना। आयोजन के संबंध में यह जानकारी किशोर भाटी ने दी।

# शहीद राजाभाऊ महाकाल की स्मृति में विक्रम विवि परिसर में रोपे 151 नीम के पौधे

### हरित क्रांति के तहत 1001 पौधे लगाने का संकल्प, निनोरा हनुमान मंदिर में भी होगा आगामी पौधरोपण



उज्जैन। अमर शहीद राजाभाऊ महाकाल एवं बलिदानी सैनिकों की स्मृति में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिसर में हरित क्रांति के तहत 151 नीम के पौधे रोपे गए। पर्यावरण प्रेमी मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 1001 पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया है। पौधरोपण के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के संयोजक श्याम माहेश्वरी ने बताया कि अभियान के तहत पूर्व में ग्राम रातड़िया में 51 हाइब्रिड आम के पौधे लगाए गए थे। आगामी कार्यक्रम में ग्राम निनोरा हनुमान मंदिर में 41 आम के पौधे रोपे जाएंगे। अभियान का उद्देश्य अलग-अलग स्थानों पर पौधे लगाकर उन्हें सहेजना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया थे। विशेष अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलगुरु अर्पण भारद्वाज, पूर्व सभापति सोनू गहलोत, सतीश दवे, महेश ज्ञानी, केशव त्रिपाठी, डॉ. सुधीर गवारीकर, डॉ. विमल गर्ग, मोहन मारू, समीर चौधरी एवं राधेश्याम शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत संस्था के सदस्यों ने किया। स्वागत उद्बोधन संस्था के संस्थापक प्रकाश चित्तौड़ा ने दिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सतीश दवे का स्वागत सांसद अनिल फिरोजिया द्वारा संस्था की ओर से किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शहीदों की स्मृति में लगाए गए ये पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली, स्वच्छ पर्यावरण और जीवन का संदेश देंगे। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी परिवार, वसुंधरा हरियाली महोत्सव समिति, वृक्ष मित्र सेवा समिति, बाल मंच, भारत स्काउट-गाइड, गायत्री परिवार, लायंस क्लब, वल्लभ वैष्णव मंडल, भारत विकास परिषद, मध्य प्रदेश केमिस्ट एसोसिएशन, प्रबुद्ध मित्र मंडल, मानवाधिकार संगठन और कान्यकुब्ज समाज सहित अनेक सामाजिक एवं पर्यावरण प्रेमी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से के.के. पवार, गौरव मालपानी, प्रतिमा जोशी, फूल सिंह जोहरी, गोविंद परमार, देवेंद्र परमार, खेमजी भाई चंदन, गोपाल महाकाल, हंसराज रोहरा, बी.के. पंड्या, अशोक भाटी, विक्रम चित्तौड़ा, अशोक मुंदड़ा, रविन्द्र गुप्ता, आदित्य चित्तौड़ा, गौरव बाफना सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस पर महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ में हुआ ध्वजारोहण

# महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ जल्द बनेगी अकादमी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्वतंत्रता की 80वीं वर्षगांठ पर महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन, उज्जैन में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। प्रातः 10 बजे आयोजित समारोह में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित एवं विक्रम विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य श्री राजेश सिंह कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शोधपीठ के निदेशक श्री संजीव कुमार मालवीय ने अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

मुख्य अतिथि श्री राजेश सिंह कुशवाह ने स्वतंत्रता दिवस को हर्ष और उल्लास का पर्व बताते हुए सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य एवं योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने विदेशी शकों के विरुद्ध संघर्ष कर भारत की भूमि को उनसे मुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ शीघ्र ही ह्यसम्राट विक्रमादित्य अकादमीह्न के रूप में विकसित होने जा रही है। इससे शोधपीठ की गतिविधियों और कार्यालयीन कार्यों को गति मिलेगी।

पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित ने स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की तथा स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह में एंजेल हाइट्स किड्स स्कूल, उज्जैन के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए जलेबी दौड़ एवं दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके बाद शुभम अहिरवार के निर्देशन में विशाला लोक संस्कृति समिति, उज्जैन के कलाकारों ने भारत माता आरती की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संस्था के सचिव श्री विजेंद्र वर्मा भी उपस्थित रहे। समारोह में विक्रम विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं विधि शर्मा एवं उत्कर्षा पाल का भी सम्मान किया गया। दोनों छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में चीन को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया और मध्यप्रदेश एवं उज्जैन का नाम गौरवान्वित किया। अतिथियों ने दोनों छात्राओं को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

### बेटी दिवस पर होगा सनातन गौरव व प्रतिभा सम्मान, सांसद फिरोजिया को दिया आमंत्रण

आगामी 27 सितंबर को बेटी दिवस के अवसर पर शहर के शर्मा परिसर में सनातन गौरव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रविवार को सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने दशहरा मैदान स्थित कार्यालय पहुंचकर सांसद अनिल फिरोजिया को आमंत्रण पत्र सौंपा। समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनोज रावत ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों, प्रतिभाओं और बेटियों को सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करना और बेटियों के सम्मान व उनके उज्ज्वल भविष्य का सकारात्मक संदेश देना है। आमंत्रण प्राप्त करने के बाद सांसद फिरोजिया ने समिति को आयोजन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी देशभर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे महत्वपूर्ण अभियान चलाए जा रहे हैं।

### राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ सामूहिक गायन, डॉ. बैंडवाल ने फहराया तिरंगा

**उज्जैन।** डॉ. हेडगेवार जन्म शताब्दी स्मृति सेवा न्यास द्वारा 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आराधना संघ कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के निर्माण के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से सुमधुर गायन किया। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेश बैंडवाल ने ध्वजारोहण किया, जिसके सम्मान में सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाया। डॉ. सुरेश बैंडवाल ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर उद्बोधन दिया। समारोह की अध्यक्षता न्यास के अध्यक्ष उल्लास वैद्य ने की। कार्यक्रम का संचालन न्यास के सचिव रितेश सोनी ने किया तथा आभार न्यास के सदस्य राहुल बिपट ने माना। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विजय केवलिया, विपिन आर्य और पारस गेहलोत सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता व क्षेत्रीय रहवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शहीदों के नाम जले दीप, उत्साह से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस




### राष्ट्रीय पर्व पर घर में दीप प्रज्वलित करने का लिया संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और गौरवपूर्ण वातावरण में मनाया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण 'एक दीप शहीदों के नाम, जो लौट कर घर ना आए' अभियान रहा। विद्यालय के चेयरमैन आनंद पंड्या ने विद्यार्थियों को दीपक वितरित कर इस पहल की शुरूआत की।

समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रकाश चित्तोड़ा और विशेष अतिथि प्रशांती ग्रुप के चेयरमैन सीए अवनीश गुप्ता उपस्थित थे। अभियान के माध्यम से अपील की गई कि प्रत्येक भारतीय 15 अगस्त और 26 जनवरी को अपने घर में शहीदों की स्मृति में एक दीप अवश्य जलाए। संदेश दिया गया कि हमारी आजादी केवल उत्सव नहीं, बल्कि वीरों के बलिदान की विरासत है। विद्यार्थियों और उपस्थित जनों ने शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया।

# 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



कालिदास-मॉण्टेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बड़ा तेलीवाड़ा उज्जैन परिसर पर 80 वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व अपर कलेक्टर श्री के पी सेठिया संस्थाध्यक्ष श्री माणकलाल गिरिया , संस्था सचिव श्री यशवन्त कुमार जैन, सहसचिव डॉ दिनेश शाह, संचालक मंडल के वरिष्ठ सदस्य श्री अभय जैन एवं श्री भरत जैन की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि का स्वागत मंचासीन संचालक मंडल के सभी सदस्यों, प्राचार्य राजेश जोशी, उपप्राचार्यद्वय अंजलि पुरोहित, डॉ निधि बाकलीवाल , प्रधानाध्यापिका सुधा गौड़, शिक्षक प्रतिनिधि राजश्री कुलमी ,स्कूल कोऑर्डिनेटर जूही सोनेजा द्वारा किया गया । शुभकामनाओं के साथ अतिथि परिचय संस्थाध्यक्ष एवं स्वागत भाषण संस्था सचिव द्वारा दिया गया। गॉड ऑफ ऑनर जयेश पंवार के निर्देशन में स्कूल कैप्टन्स द्वारा, स्टिक पीटी प्रदर्शन दर्शनी त्रिपाठी एवं कशिश खींची के निर्देशन में,

जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा,योग प्रदर्शन प्रिया शाह के निर्देशन में, समूहगान मनीष विश्वकर्मा के निर्देशन में जूनियर एवं सीनियर कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा, हिंदी भाषण यथार्थ द्रोणावत ,जीविका पंजवानी अंग्रेजी भाषण रूद्रांशी राठौड़ , हिमांशी चौहान द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि महोदय ने प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य, समर्पण और देश प्रेम के महत्त्व को समझाया ।राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत शिल्पा फाटक,माधुरी जोशी द्वारा, कार्यक्रम का संचालन शिल्पा फाटक द्वारा, आभार प्राचार्य राजेश जोशी ने माना। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण कर संपन्न हुआ। जानकारी मीडिया प्रभारी शिक्षिका गीतिक तिवारी ने दी।

### अग्रनारायणी परिवार ने मनाया रानी सती दादी का भव्य झूलनोत्सव

# सिंजारा तीज पर हुआ मंगल पाठ, भजनों पर किया नृत्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




अग्रवाल समाज के अग्रनारायणी परिवार द्वारा संस्थापिका सीमा अग्रवाल के नेतृत्व में मोदी की गली स्थित अग्रवाल भवन में रानी सती दादी के मंगल पाठ और झूलनोत्सव का आयोजन किया गया। सिंजारा तीज के अवसर पर आयोजित इस पाठ में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। महिलाओं ने भजनों पर झूमकर आनंद लिया। आयोजन में रानी सती दादी को छप्पन भोग लगाकर सुहाग सामग्री चढ़ाई गई। साथ ही हल्दी, मेहंदी, चुनरी, गजरा और झूला उत्सव मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने मेहंदी भी लगाई।

संस्थापिका सीमा अग्रवाल ने बताया कि सेंधवा की हिताक्षी ग्रोवा की मंडली द्वारा रानी सती दादी के जीवन की कथा और महिमा का गुणगान किया गया। भक्तों ने स्तुति करते हुए परिवार की सुरक्षा, समृद्धि, कल्याण और स्वास्थ्य के लिए मंगलकामनाएं की। पाठ की पूणार्हुति के बाद समाजजनों के लिए प्रसादी का आयोजन हुआ।

आरती में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष श्याम बंसल, अग्रवाल पंचायत न्यास के अध्यक्ष निमेष अग्रवाल, विकास प्राधिकरण डायरेक्टर एवं ट्रस्टी विजय अग्रवाल और भैरवगढ़ स्थित रामदरबार की अधिष्ठाता नीतू अग्रवाल बाबा साहब मौजूद रहे। इनके अलावा अग्रवाल पंचायत न्यास सचिव दीपक मित्तल, ट्रस्टी जय किशन अग्रवाल, ट्रस्टी मधुर चौधरी, दिनेश गोयल, संदीप अग्रवाल, अजीत मंगलम, जगदीश गोयल फ्रेंड्स, मनसुख मित्तल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, दीपक अग्रवाल भाया, संदीप बिंदल, विजय गोयल, जगदीश अग्रवाल शारदा रोड लाइन, राजेंद्र गर्ग, संजय अग्रवाल, कमलेश गर्ग और मनोहर गर्ग सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

आयोजन में विशेष सहयोगी के रूप में शकुन्तला अग्रवाल, शर्मिला अग्रवाल, तीन अग्रवाल, भावना अग्रवाल, शशि अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, अंशिका अग्रवाल, राजश्री अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, तीन अग्रवाल, रंजिता अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, विजय लक्ष्मी अग्रवाल, सीमा गर्ग, सीमा अग्रवाल, राजश्री अग्रवाल, रीना अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, यामिनी अग्रवाल, पूर्वा अग्रवाल, मंजु अग्रवाल, पीहू गुप्ता, मधु मित्तल, मीना शाह, आभा गर्ग, आराधना अग्रवाल, शीला अग्रवाल, मीनल गुप्ता, शालू अग्रवाल, शालू अग्रवाल, शालिनी सिंगल, निधि गोयल, सुनीता गर्ग, पूनम अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, पल्लवी गर्ग, मीना गर्ग, बबीता अग्रवाल, शारदा सिंघल, निशा भाया, प्रियंका अग्रवाल, अदिति अग्रवाल और खुशी गोयल उपस्थित रहीं। व्यवस्थापन मंडल में अर्पित अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, सहज मित्तल, श्लोक अग्रवाल, वंश अग्रवाल, यश अग्रवाल, अंकुर गर्ग, संस्कार बिंदल, राम अग्रवाल और प्रखर गोयल ने व्यवस्थाएं संभालीं।

### पूर्व सैनिकों ने निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के जयघोष से गूंजा उज्जैन

# 80वें स्वाधीनता दिवस पर मेडल और गणवेश में निकले सैनिक, अमर शहीदों व कारगिल के वीरों को दी श्रद्धांजलि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



80वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर उज्जैन संभाग पूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा शहर में शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। संगठन के अध्यक्ष सूबेदार कमल सोनी के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण कर यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व सैनिक अपने गणवेश और मेडल लगाकर हाथों में तिरंगा थामे दो पहिया वाहनों पर निकले। भारत माता की जय और वंदेमातरम के उद्घोष व देशभक्ति गीतों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी इस गौरवपूर्ण यात्रा का आमजन ने उत्साह के साथ स्वागत किया।

यात्रा कोठी रोड स्थित सैनिक कल्याण कार्यालय से शुरू होकर तरणताल चौराहा, संजीवनी अस्पताल और पुलिस कंट्रोल रूम होते हुए घंटाघर पहुंची। यहां से पूर्व सैनिकों ने पूर्ण अनुशासन के साथ कतारबद्ध होकर पैदल मार्च किया और शहीद पार्क पहुंचे। शहीद पार्क में अमर शहीद बलराम जोशी, शहीद राजाभाऊ महाकाल, शहीद स्तंभ सहित क्रांतिकारियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर देश की आजादी के लिए दिए गए बलिदानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। इसके पश्चात सभी लोकमान्य तिलक स्कूल के समीप स्थित कारगिल स्मारक पहुंचे और कारगिल के वीरों को पुष्पांजलि अर्पित की। यहां से तीन बत्ती चौराहा, देवास रोड और पॉलिटेक्निक कॉलेज होते हुए यात्रा का समापन पुनः सैनिक कल्याण कार्यालय पर हुआ।

संगठन के सचिव हवलदार रविप्रताप सिंह भदौरिया ने बताया कि इस तिरंगा यात्रा में सामाजिक संगठन नई पहल नई सोच संस्था से शकेब कुरैशी और भारत रक्षा मंच से अरविंद जैन अपने कार्यकताओं के साथ शामिल हुए। यात्रा के सफल प्रबंधन में संगठन के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार मोयल, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार तोमर, संयुक्त सचिव सवाई सिंह शेखावत और सदस्य प्रशांत कुमार निगम व नितेश ठाकर का प्रमुख योगदान रहा। मीडिया प्रभारी प्रशांत कुमार निगम के अनुसार यात्रा में पूर्व सैनिक एस.एन. श्रीवास्तव, प्रकाश गोडबोले, मुकेशचंद सोनी, बने सिंह मालवीय, सुरेश सिंह बेस, दिलीप सिंह ठाकुर, जितेंद्र राजावत, जगदेव सिंह चावड़ा, महेंद्र कुमार अमरतियां, धर्मेंद्र गोटी, छगनलाल वर्मा, आर.एस. साठे, गुलजी खान, सुभाष दलाल, जुगलकिशोर जोशी, छबीनंदन सिंह, अजय कुमार, रमेश चंद्र, संजय सोलंकी, रामकुमार शर्मा, विकास दुबे, करण शाक्य, राजेश गिरी, अजय पाटीदार, नितिन शर्मा, योगेंद्र सिंह चौहान, लाखन सिंह राठौड़, रामबाबू सिंह भदौरिया, सुनील त्रिवेदी, सुरेश सिंह, अजय पाल सरोज, जितेंद्र दास वैष्णव, मनोज शर्मा, राजनसिंह राजावत, कैलाश सेन, जितेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्यो के लिए किया पटवारी गंगवार का सम्मान

### दशहरा मैदान के मुख्य समारोह में मिला प्रशस्ति पत्र, भू-अर्जन व सीमांकन प्रकरणों का किया त्वरित निराकरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दशहरा मैदान में आयोजित जिले के मुख्य समारोह में राजस्व विभाग के अंतर्गत तहसील घटिया के पटवारी सुनील गंगवार को सम्मानित किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल और कलेक्टर ने उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

पटवारी गंगवार को यह सम्मान मुख्य रूप से भू-अर्जन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने और उससे संबंधित सीमांकन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए दिया गया है। इसके अलावा, शासन द्वारा समय-समय पर चलाए गए अभियानों में पूर्ण रुचि लेते हुए सौंपे गए कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के उनके समर्पित प्रयासों को भी प्रशासन ने सराहा है।

पटवारी सुनील गंगवार की इस उपलब्धि पर महाकाल शयन आरती भक्त परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। महेंद्र कटियार, संजय भाई, संजय, वीरेंद्र परमार, शैलेंद्र दुबे, अविनाश शर्मा, सुरेश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र परिहार, अनुदीप गंगवार, नरेंद्र सिंह गंगवार, जितेन गंगवार, आकाश गंगवार और अक्षय कटियार सहित अन्य सदस्यों ने उन्हें इस सम्मान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

उज्जैन
सोमवार
17
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

येषां न विद्या न तपो न दानं, ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।
ते मृत्युलोके भुवि भारभूता, मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति।।

**अर्थः** जिनके पास ज्ञान, तपस्या, ज्ञान, शील, गुण और धर्म का कुछ भी नहीं है, वे मनुष्य मृग की तरह जीवन व्यतीत करते हैं।

## खबर एक नजर...

### इंदौर के बाणगंगा में रेस्टोरेंट कर्मचारी की हत्या

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में रेस्टोरेंट कर्मचारी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव रेलवे पटरी के पास मिला। पुलिस के मुताबिक, रेस्टोरेंट के हिसाब को लेकर हुए विवाद के बाद मालिक के बेटे राहुल ने कर्मचारी श्रीराम राजपूत (55) पर चाकू से हमला किया था। रात में रेलवे क्रॉसिंग से आने-जाने वाले लोगों ने पटरी के पास शव पड़ा देखा। शव को कुत्ते नोच रहे थे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। टीआई सियाराम गुर्जर के मुताबिक, पुलिस को रेलवे पटरी के पास शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। श्रीराम के चेहरे पर चाकू के निशान मिले हैं। पुलिस ने रेस्टोरेंट के कर्मचारियों से पूछताछ की तो पता चला कि शाम को हिसाब कम होने की बात पर श्रीराम और राहुल के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद राहुल श्रीराम के पीछे गया और उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक श्रीराम करीब तीन साल से रेस्टोरेंट में काम कर रहा था। उसके परिवार में मां और एक बहन है।

### करंट से मौत : ठेकेदार, होटल संचालक पर केस

**इंदौर।** सुखलिया के मंगलनगर स्थित होटल एप्पल ग्रैंड-02 की छत पर काम करने के दौरान 26 वर्षीय प्लंबर आकाश चौहान की करंट लगने से मौत हो गई थी। मामले में जांच के बाद पुलिस ने होटल संचालक और ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया कि बिजली के तार फैले हुए थे और सुरक्षा के इंतजाम भी नहीं थे। हीरानगर पुलिस के मुताबिक आकाश, ठेकेदार अनिल कुशवाह के साथ होटल में प्लंबिंग का काम करने गया था। 10 जुलाई को होटल की छत पर काम के दौरान वहां पानी जमा था। आकाश वाइपर से पानी निकाल रहा था। सोलर हीटर के पाइप को पकड़ते ही उसे करंट लग गया। वह बेहोश होकर गिर पड़ा। अस्पताल में उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस के मुताबिक काम के दौरान आकाश को प्लास्टिक के दस्ताने, प्लास्टिक के जूते अथवा अन्य सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए थे। पुलिस ने ठेकेदार अनिल कुशवाह और होटल संचालक अमित त्रिपाठी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### लूट में फरार इनामी देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार

**इंदौर।** अन्नपूर्णा व रावजी बाजार पुलिस ने लूट के मामले में फरार चल रहे जिलाबदर आरोपी प्रिंस विश्नार (26) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी पर पुलिस ने 5 हजार का इनाम घोषित किया था। वह महिला मित्र पलक वर्मा के साथ मिलकर डिलीवरी बॉय से लूट के बाद फरार हो गया था। टीआई हितगोपाल के मुताबिक 7 अगस्त को फूटी कोठी चौराहे के पास प्रिंस ने पलक के साथ मिलकर डिलीवरी बॉय से स्कूटी लूट ली थी। मामले में पलक वर्मा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस टीम ने 14 अगस्त को प्रिंस विश्नार को हरिजन कॉलोनी, गाड़ी अड्डा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से एक देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस मिला। प्रिंस के खिलाफ पहले से जिलाबदर का आदेश भी था।

### रॉन्ग साइड से आई कार की टक्कर से युवक की मौत

**इंदौर।** राऊ-पिगडंबर रोड स्थित मिठाई की दुकान के पास सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। वे पीथमपुर से दोपहर ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। पिगडंबर के पास रॉन्ग साइड आई तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। युवकों ने घायल को कार में बैठाया, लेकिन अस्पताल पहुंचाने के बजाय रास्ते में ही छोड़कर भाग गए। खून अधिक बहने और समय पर इलाज न मिलने से मौत हो गई। मृतक चंद्रशेखर पाटीदार (45) निवासी सिलीकॉन सिटी है। परिजन के मुताबिक वे काम खत्म कर दोपहर में बाइक से घर लौट रहे थे। पिगडंबर में सामने से रॉन्ग साइड आई तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। परिजन का आरोप है कार में 5 युवक सवार थे, जिसमें से तीन भाग गए। उन्होंने शराब पी रखी थी। बाकी दो ने जख्मी चंद्रशेखर को कार में बठाया और फिर बीच रास्ते में छोड़कर भाग गए। टीआई राजपाल सिंह राठौर के अनुसार, युवक घायल व्यक्ति को कार से अस्पताल ले जाने निकले, लेकिन रास्ते में कार पंक्चर हो गई तो वे घायल को छोड़कर भाग गए।

### पोर्टल तैयार, डेटा के इंतजार में निगम, अगस्त में लॉन्च अटका

**इंदौर।** नगर निगम को ई-पोर्टल शुरू करने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। अगस्त में पोर्टल लॉन्च करने की तैयारी थी, लेकिन नगरीय प्रशासन विभाग से करदाताओं का डेटा नहीं मिलने के कारण मामला अटक गया है। निगम प्रशासन की प्रमुख सचिव से कई दौर की बातचीत भी हो चुकी है, इसके बावजूद संपत्तिकर, जलकर और अन्य करों से जुड़ा डेटा अब तक उपलब्ध नहीं हो पाया है। वन आईडी, वन टैक्स की तर्ज पर अपना पोर्टल शुरू करने की कवायद निगम करीब एक साल से कर रहा है। वर्ष 2024 में राज्य सरकार ने निगम को अपना ई-पोर्टल बनाने की अनुमति दी थी। इसके बाद निगम ने निजी एजेंसी को ठेका देकर पोर्टल तैयार कराया। इसी महीने इसका सिक्योरिटी ऑडिट भी कराया गया है। अब पोर्टल पर करदाताओं का डेटा अपलोड किया जाना है।

### नाग पंचमी पर इंदौर में टीमें तैनातः 53 साल से सांपों का रेस्क्यू कर रहे कैलाशनाथ

# 12 फीट के सांप से 30 मिनट तक मुकाबला भी किया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



बारिश शुरू होते ही सांपों के निकलने का सिलसिला बढ़ जाता है। कहीं घर में सांप घुस जाता है तो कहीं गाड़ी, ऑफिस, गार्डन या खाली जगह में दिखाई देता है। फोन आते ही 65 वर्षीय कैलाशनाथ अपना सामान उठाकर निकल पड़ते हैं। समय चाहे दिन का हो या रात के 2-3 बजे का, वे मौके पर पहुंचने की कोशिश करते हैं। पिछले कई दिनों से उन्हें रोजाना 2 से 4 सांप पकड़ने की सूचना मिल रही है।

कैलाशनाथ के लिए यह कोई नया काम नहीं है। उन्होंने 12 साल की उम्र में हाथ में छड़ी लेकर सांप पकड़ना शुरू किया था। अब 65 साल के हो चुके हैं, लेकिन सांपों को सुरक्षित पकड़ने का सिलसिला आज भी जारी है। वे बताते हैं कि उन्होंने अपने माता-पिता को यही काम करते देखा और वहीं से सीखा। धीरे-धीरे सांपों की पहचान और उन्हें सुरक्षित पकड़ने का तरीका समझ में आया। उनके मुताबिक, इंदौर में रोजाना करीब 40 सांप निकलने की सूचना मिलती है। इनमें बहुत कम सांप जहरीले होते हैं। वे और उनके समुदाय के अन्य लोग सांपों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ने का काम करते हैं। आज नाग पंचमी पर सांपों के प्रदर्शन और उन्हें लेकर घूमने वालों पर वन विभाग इस बार भी सख्ती करेगा। इसके लिए इंदौर में तीन दल बनाए गए हैं।

#### 12 फीट के सांप से 30 मिनट तक चला मुकाबला

कैलाशनाथ को सांप पकड़ने के दौरान कई ऐसे अनुभव हुए हैं, जिन्हें वे आज भी नहीं भूलते। किला मैदान का एक मामला याद करते हुए बताते हैं कि वहां करीब 12 फीट लंबा सांप मिला था। सांप बड़ा था और आसानी से काबू में नहीं आ रहा था। करीब 30 मिनट तक उसे पकड़ने की कोशिश चलती रही। कैलाशनाथ बताते हैं कि उस दौरान उनकी सांस तक फूल गई थी। आखिरकार सांप को काबू में कर सुरक्षित जगह छोड़ दिया गया।

#### रात 2 बजे भी फोन आए तो पहुंच जाते हैं कैलाशनाथ

कैलाशनाथ कहते हैं कि सांप देखकर ज्यादातर लोग घबरा जाते हैं। ऐसे में उन्हें सबसे पहले ऐसे व्यक्ति की तलाश होती है, जो सांप को सुरक्षित पकड़ सके। वे कहते हैं, ॼलोगों की परेशानी हमारे लिए सबसे पहले है। रात में 2-3 बजे भी फोन आ जाए तो कोशिश रहती है कि मौके पर पहुंचें। समय देखकर काम नहीं करते।

#### सांप एक जगह हो तो छड़ी, भाग रहा हो तो कैचर से पकड़ते हैं

- कैलाशनाथ के पास सांप पकड़ने के अपने तरीके हैं। वे बताते हैं कि अगर सांप एक जगह बैठा है या धीरे-धीरे चल रहा है तो छड़ी की मदद से उसके शरीर के बीच वाले हिस्से को नियंत्रित किया जाता है। इसके बाद उसे सुरक्षित तरीके से पकड़कर थैली में रखा जाता है।
- अगर सांप तेजी से भाग रहा हो तो कैचर की मदद ली जाती है। वहीं, सांप किसी छेद, बिल या सामान के पीछे छिपा हो तो पहले आसपास का सामान धीरे-धीरे हटाया जाता है। जैसे ही सांप बाहर निकलता है, उसे सुरक्षित तरीके से काबू में किया जाता है।

### सुदामा नगर-विश्वकर्मा नगर को मिली नई कनेक्टिविटी

# सीएम मोहन यादव ने किया लिंक रोड का लोकार्पण

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को इंदौर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहर के विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सुदामा नगर-विश्वकर्मा नगर के बीच अन्नपूर्णा रोड से रिंग रोड को जोड़ने वाली लिंक रोड का लोकार्पण प्रमुख रूप से शामिल रहा।

करीब 0.95 किलोमीटर लंबी इस लिंक रोड का निर्माण 16.61 करोड़ की लागत से किया गया है। सड़क के निर्माण से अन्नपूर्णा रोड और रिंग रोड के बीच सीधा संपर्क स्थापित होने के साथ आसपास के क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने में मदद मिलेगी। लिंक रोड के शुरू होने से सुदामा नगर, विश्वकर्मा नगर और आसपास की कॉलोनियों के रहवासियों को आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। स्थानीय स्तर पर यातायात का दबाव कम करने और प्रमुख मार्गों तक पहुंच आसान बनाने में भी इस सड़क की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अन्नपूर्णा रोड से रिंग रोड तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलने से वाहन चालकों को कई स्थानों पर लंबा रास्ता तय करने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे समय और ईंधन की बचत होने के साथ क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को भी राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री के इंदौर दौरे के दौरान शहर के बुनियादी ढांचे, सड़क और कनेक्टिविटी से जुड़े विकास कार्यों को प्रमुखता दी गई। सरकार की ओर से शहरी क्षेत्रों में बेहतर सड़क नेटवर्क विकसित करने और प्रमुख मार्गों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। सुदामा नगर-विश्वकर्मा नगर लिंक रोड का लोकार्पण भी इसी क्रम में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

#### शहर के विस्तार के साथ बढ़ रही जरूरत

- इंदौर शहर लगातार विस्तार कर रहा है और नई आवासीय बस्तियों के साथ यातायात का दबाव भी बढ़ रहा है। ऐसे में आंतरिक सड़कों को प्रमुख मार्गों से जोड़ने वाली लिंक रोड की आवश्यकता लगातार महसूस की जा रही है। सुदामा नगर-विश्वकर्मा नगर लिंक रोड इसी दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी मानी जा रही है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लोकार्पण के बाद यह मार्ग आम नागरिकों के लिए उपलब्ध हो गया। क्षेत्र के रहवासियों को उम्मीद है कि सड़क शुरू होने से दैनिक आवागमन के साथ व्यापारिक और अन्य गतिविधियों को भी गति मिलेगी

# वी-कनेक्ट एप से बिजली चोरी की सूचना दे रहे, मिलेगा पुरस्कार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

बिजली चोरी और अनियमित उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की वी-कनेक्ट एप पहल को लोगों का प्रतिसाद मिलने लगा है। एप के माध्यम से शहर सहित मालवा-निमाड़ क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली चोरी और अन्य अनियमितताओं की सूचना कंपनी तक पहुंचा रहे हैं। अब तक करीब 30 लोगों ने ऐसी सूचनाएं दी हैं। जांच में सूचना सही पाए जाने पर संबंधित सूचनादाता को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**अब तक करीब 30 लोगों ने ऐसी सूचनाएं दी**

कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह व अधीक्षण यंत्री एमके गर्ग के अनुसार वी-कनेक्ट एप के जरिए कोई भी उपभोक्ता या जागरूक नागरिक बिजली चोरी, स्वीकृत भार से अधिक उपयोग और अन्य अनियमितताओं की जानकारी दे सकता है। इसके लिए एप डाउनलोड कर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। सूचना देने वाले को एप पर बैंकिंग डिटेल भी दर्ज करना होगी। जांच के बाद सूचना सही पाए जाने पर पात्र प्रकरण में प्रोत्साहन राशि कंपनी की लेखा शाखा द्वारा डीबीटी के जरिए सीधे सूचनादाता के बैंक खाते में जमा की जाएगी। कंपनी के अनुसार एप शुरू होने के कुछ ही दिनों में करीब 30 सूचनाएं प्राप्त हो चुकी हैं। आने वाले दिनों में इनकी संख्या बढ़ने की संभावना है।

### मुनि श्री सुधा सागर जी के सानिध्य में इंदौर में होने वाले

# श्रावक संस्कार शिविर के प्रमुख पुण्यार्जक आलोक आकाश कोल होंगे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



पर्वराज पर्युषण पर्व पर दिनांक 16 से 25 सितंबर तक श्रमण संस्कृति के महामहिम संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सुशिष्य महाश्रमण मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज के सानिध्य एवं सकल दिगंबर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग इंदौर में लगने वाले श्रावक संस्कार शिविर के मुख्य पुण्यार्जक प्रसिद्ध समाजसेवी एवं निरभिमानी महादानी श्रीमंत सेठ आलोक- मधु जैन एवं आकाश -दीपिका जैन इंदौर (कोल परिवार) होंगे। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि मुनिश्री के सानिध्य में प्रतिवर्ष लगने वाले श्रावक संस्कार शिविर का यह 33 वां वर्ष है। यह शिविर गुरुकुल परम्परा पर आधारित होगा और शिविर मे पांच हजार से अधिक शिविरार्थियों के सम्मिलित होने की संभावना है। समिति के अध्यक्ष आनंद गोधा ने बताया कि शिविरार्थियों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन शुरू हो गए हैं। आलोक -आकाश कोल के शिविर पुण्यार्जक बनने पर समाज में हर्ष व्याप्त है। समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. जैनेन्द्र जैन, आजाद जैन, राजीव जैन बंटी अमित कासलीवाल मनीष गोधा, आनंद नवीन गोधा, हर्ष जैन हंसमुख गांधी, टीके वेद, अक्षय कासलीवाल धर्मेन्द्र सिनकेम अशोक डोसी आदि समाज श्रेष्ठीयों ने बधाई दी। राजेश जैन दद्दू ने बताया कि श्रावक संस्कार शिविर के जिज्ञासा समाधान प्रवर्तक जगत पुज्य मुनिपुंगव श्री 108 सुधा सागर ऋषिराज ससंघ के पावन सानिध्य में होने वाले शिविर में श्रावक-श्राविकाओं को जैन संस्कार, आचार विचार धर्म और गुरुकुल परम्परा से जोड़ना है। दसलक्षण पर्व के दस दिनों में क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य जैसे दस धर्मों की गहन व्याख्या एवं आचरण कराया जाएगा।

आयोजकों ने बताया कि इस शिविर में पुनः नए इतिहास रचे जाएंगे। पर्वाधिराज दसलक्षण महापर्व और श्रावक संस्कार शिविर को लेकर जैन समाज में भारी उत्साह है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में इस शिविर में भाग लेकर धर्म लाभ लेने के लिए तैयार हैं। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन अवसर का लाभ लेने की अपील की है।

### लॉन्ग वीकेंड के चक्कर में लंबा जाम

# खंडवा रोडः 1 घंटे का सफर 5-8 घंटे में रेंगते रहे सैकड़ों वाहन, पर्यटक परेशान

## निर्माणाधीन ब्रिज की संकरी सर्विस रोड और गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर-खंडवा रोड पर भेरूघाट से शारदा ढाबे और घाट के नीचे तक रविवार को वाहनों की लंबी कतार लगी रही। दोपहर से शुरू हुआ जाम देर रात तक बना रहा। शनिवार को 15 अगस्त की छुट्टी पर भी यहां जाम लगा था। चोरल से इंदौर पहुंचे राजेश के मुताबिक बाइक से 5 घंटे लगे, कार से करीब 8 घंटे लगते। ढाबे के पास एनएचआई के निर्माणाधीन ब्रिज के कारण संकरी सर्विस रोड, जगह-जगह गड्ढे और आगे निकलने की होड़ ने रफ्तार थाम दी।

**भारी वाहनों पर रोक भी बेअसर-** खंडवा, ओंकारेश्वर और आसपास के पर्यटन स्थलों की ओर से आने-जाने-वाले वाहनों की संख्या छुट्टी के कारण कई गुना बढ़ गई। 60 से ज्यादा डीजे काफिलों ने दबाव और बढ़ाया। निर्माणाधीन छह लेन पर भी कतार लगी। भारी वाहनों पर रक्षाबंधन तक रोक के बावजूद वैकल्पिक व्यवस्था नाकाफी साबित हुई। भूख-प्यास ने लोगों की तकलीफ बढ़ा दी।

### 42 डिप्टी कलेक्टरों के प्रमोशन का रास्ता साफ

# सुप्रीम कोर्ट ने सीधी भर्ती वाले अफसरों की याचिकाएं खारिज

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर सहित प्रदेशभर में पदस्थ 42 डिप्टी कलेक्टरों की पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति कुमार अरविंद और न्यायमूर्ति विपुल बी. पंचोली की युगलपीठ ने पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग करने वाले सीधी भर्ती कोटे के अधिकारियों की एक दर्जन से अधिक याचिकाएं खारिज कर दीं। अधिवक्ता सिद्धार्थ गुप्ता के मुताबिक कोर्ट ने कहा कि केवल आशंका और संदेह के आधार पर दायर याचिका के जरिए शासन द्वारा की जा रही विभागीय पदोन्नति समिति की प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई जा सकती।

मामले में पहले हाईकोर्ट ने राज्य शासन को 42 पदों पर पदोन्नति के लिए डीपीसी गठित कर 45 दिन के भीतर प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए थे। साथ ही पदोन्नत होने वाले अधिकारियों को 1 जनवरी 2016 से वरिष्ठता और अन्य लाभ देने का आदेश दिया गया था। यह मामला इसलिए लंबित रहा क्योंकि वर्ष 2016 में गठित डीपीसी में 42 पदों को नहीं भरा गया था। हाईकोर्ट ने अगस्त 2023 में पदोन्नति प्रक्रिया रोके जाने को असंवैधानिक मानते हुए तत्काल 42 पदों पर पदोन्नति के निर्देश दिए थे।

#### इसी सप्ताह डीपीसी, जल्द जारी होंगे पदोन्नति आदेश

राज्य शासन हाईकोर्ट के निर्देश के अनुरूप इसी सप्ताह सभी 42 पदों को भरने के लिए डीपीसी कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद अब इन पदों पर पदोन्नति आदेश जल्द जारी होने की संभावना है। पृष्ठभूमिः मध्यप्रदेश में डिप्टी कलेक्टर के पद 50-50 प्रतिशत कोटे से भरे जाते हैं। 50 प्रतिशत पद एमपीपीएससी की परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती से और बाकी 50 प्रतिशत पद तहसीलदार तथा सर्वेयर-भू-अधीक्षक अधिकारियों को पदोन्नति देकर भरे जाते हैं।

#### कोर्ट ने कहा- अभी चुनौती का आधार नहीं बना

सुप्रीम कोर्ट ने विस्तृत सुनवाई के बाद इन याचिकाओं को समय से पहले यानी प्री-मैच्योर माना। कोर्ट ने कहा कि सीधी भर्ती वाले अधिकारियों की याचिका केवल प्रत्याशा और आशंका पर आधारित है। उनका कोई अधिकार तभी उत्पन्न होगा, जब 42 पदों पर पदोन्नति के आदेश जारी हो जाएं और संबंधित अधिकारी पद ग्रहण कर लें। उससे पहले पदोन्नति प्रक्रिया को चुनौती देने का आधार नहीं बनता। यह कहते हुए शीर्ष अदालत ने उनकी याचिकाएं खारिज कर दीं।

**पदोन्नति के बाद हाईकोर्ट जाने की छूट-** हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सीधी भर्ती वाले अधिकारियों को राहत का रास्ता खुला रखा है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धांत भटनागर के अनुरोध पर कोर्ट ने उन्हें स्वतंत्रता दी कि यदि पदोन्नति के बाद उन्हें कोई शिकायत होती है तो वे हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर सकते हैं।

**सीधी भर्ती के अधिकारियों ने जताई थी वरिष्ठता प्रभावित होने की आशंका-** सीधी भर्ती कोटे से डिप्टी कलेक्टर बने अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी थी कि 10 साल पुराने प्रभाव से वरिष्ठता देने पर वे पदोन्नत होने वाले अधिकारियों से नीचे चले जाएंगे। उनका कहना था कि पदोन्नति पाने वाले अधिकारी अब तक डिप्टी कलेक्टर के पद पर काम नहीं कर रहे थे, जबकि सीधी भर्ती वाले अधिकारी करीब 10 साल से इस पद पर कार्यरत हैं। उनका यह भी तर्क था कि हाईकोर्ट ने उनका पक्ष सुने बिना ऐसा आदेश दिया, जिसका उनके भविष्य पर सीधा असर पड़ सकता है।

## प्लॉट बेचने का झांसा देकर 7.81 लाख रुपए ठगे

**जबलपुर।** जबलपुर के विजयनगर थाना क्षेत्र में प्लॉट बेचने का झांसा देकर 7.81 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। संजयनगर अधारताल निवासी 42 वर्षीय संदीप श्रीवास्तव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने प्रानेश जैन पर जमीन का सौदा करने के नाम पर रकम लेने और बाद में वापस न करने का आरोप लगाया है। संदीप के अनुसार, प्रानेश जैन ने मौजा माढ़ोताल स्थित अपनी जमीन बेचने की बात कही थी। इसके लिए 14 जून 2024 को दोनों के बीच विक्रय अनुबंध (एग्रीमेंट) हुआ। बयाना और अन्य औपचारिकताओं के नाम पर संदीप ने आरोपी को कुल 7.81 लाख रुपए दिए। इनमें 5.81 लाख रुपए नकद और 2 लाख रुपए आरटीजीएस के जरिए दिए गए थे। रकम लेने के बाद प्रानेश ने जमीन को विवादित बताते हुए रजिस्ट्री कराने से इनकार कर दिया। संदीप ने रकम वापस मांगी तो आरोपी ने पहले एक चेक और फिर 27 फरवरी 2026 को एग्रीमेंट रद्द करते हुए तीन अलग-अलग चेक दिए। बैंक में जमा करने पर सभी चेक अपर्याप्त राशि के कारण बाउंस हो गए। कानूनी नोटिस भेजने के बाद भी रकम वापस नहीं की गई। पुलिस पूछताछ में प्रानेश ने एग्रीमेंट के तहत 5.81 लाख रुपए नकद और 2 लाख रुपए आरटीजीएस से मिलने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि जमीन विवादित होने के कारण सौदा रद्द करना पड़ा और आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से चेक बाउंस हो गए। पुलिस ने एग्रीमेंट, बैंक स्टेटमेंट और बाउंस हुए चेक समेत अन्य दस्तावेजों की जांच की। मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर धोखाधड़ी की पुष्टि होने पर विजयनगर थाना पुलिस ने प्रानेश जैन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 316 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आगे की विवेचना शुरू कर दी है।

## 30 लीटर कच्ची शराब, 150 किलो महुआ लाहन जब्त

**सिहोरा।** सिहोरा में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को सिहोरा वृत्त के घाट सिमरिया, रमखिरिया और खितौला में दबिश देकर 30 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब और 150 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। इस दौरान कुल सात प्रकरण दर्ज किए गए हैं। यह कार्रवाई सुबह 11 से 12 बजे के बीच की गई। घाट सिमरिया में टीम को 46 पाव देसी मसाला शराब और 20 पाव देसी प्लेन शराब भी मिली। इसके अतिरिक्त, मौके से 30 लीटर कच्ची शराब और 150 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया। आबकारी टीम ने महुआ लाहन का सैंपल लिया और शेष लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया। जब्त की गई शराब और अन्य सामग्री को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए सुरक्षित रखा गया है। विभाग ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) और 34(1)(च) के तहत कुल सात मामले दर्ज किए हैं। आबकारी विभाग के अनुसार, क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री, संग्रहण और परिवहन को रोकने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस कार्रवाई में वृत्त प्रभारी आरएस मरावी, परिवीक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक रविंद्र कुरील, मुख्य आरक्षक संतलाल मरावी, फूल सिंह एटिया, आरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह और अमिता केसरवानी शामिल थे।

## समरधा जंगल में शावक बाघ का शव मिला, शरीर पर चोट के निशान

**भोपाल।** भोपाल के पास समरधा जंगल में एक बाघ के शावक का शव मिलने का मामला सामने आया है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि बाघ के शरीर पर चोंट के निशान पाए गए हैं। इससे आशंका है कि किसी बड़े टाइगर ने हमला किया होगा। हालांकि, वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। रायसेन रोड स्थित हरिपुरा गांव की फॉरेस्ट चौक के पास जंगल में शव मिलने की बात कही जा रही है। शावक की उम्र करीब एक साल बताई जा रही है। गर्दन पर चोंट के निशान हैं। ऐसे में आपसी संघर्ष की आशंका है। सूत्रों के मुताबिक, टाइगर की मौत को लेकर जिम्मेदार अधिकारी बचते नजर आ रहे हैं। डीएफओ लोकप्रिय भारती से संपर्क करना चाहा, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। वहीं, एसडीओ मनमोहन जाटव ने मौत को लेकर कोई खबर नहीं होने की बात कहीं। इस वजह से स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि टाइगर की मौत आपसी संघर्ष से हुई या शिकार की वजह से? बाघ एक्सपर्ट राशिद नूर ने बताया कि टाइगर की मौत की जानकारी सामने आई है।

## डायल-112 में अब देरी की हर दिन निगरानी

**भोपाल।** आपात स्थिति में पुलिस की डायल-112 कितनी देर में मौके पर पहुंची, इसकी अब रोज निगरानी होगी। पुलिस रेडियो मुख्यालय ने प्रदेशभर में सबसे देरी से पहुंचने वाली एफआरवी की जिलावार सूची बनाना शुरू किया है। इसके लिए गठित टीम रोज पिछड़ने वाली एफआरवी के स्टाफ को कॉल कर देरी का कारण पूछ रही है। कोई टीम बार-बार देरी करती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए जा रहे हैं। एसएसपी रेडियो समीर सौरभ ने जिलों के एसपी से इस मुद्दे पर बात करने की जिम्मेदारी ली है।

### डेढ़ महीने रैकी..फिर बस में 7.5 करोड़ की ज्वेलरी लूटी

# सराफा कारोबारी का कर्मचारी ही मास्टरमाइंड; 5.41 करोड़ का माल बरामद

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

रतलाम में सराफा व्यापारी अर्पित चौरड़िया से 13 अगस्त की रात हुई करीब 7.5 करोड़ रुपए की सोना-चांदी लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। वारदात की साजिश व्यापारी की दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी रोहित नायक ने रची थी। उसे पता था कि व्यापारी कब, किस रास्ते और कितनी मात्रा में सोना लेकर जाता है। उसने यह जानकारी अपने साथी अभिजीत उर्फ अभय को दी। इसके बाद आरोपियों ने करीब डेढ़ महीने तक व्यापारी की रैकी की। पुलिस ने मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मास्टरमाइंड कर्मचारी रोहित नायक और उसका साथी गौरव गुर्जर फरार हैं। आरोपियों के कब्जे से 4.167 किलो सोने के 238 जेवर और 4.47 किलो चांदी के 183 जेवर बरामद किए गए हैं।

### पहले भी लूट की कोशिश की, लेकिन रहे नाकाम

पुलिस के मुताबिक, रोहित नायक और अभिजीत ने करीब डेढ़ महीने पहले भी व्यापारी को लूटने की योजना बनाई थी। रोहित को पता था कि व्यापारी कभी बस और कभी दोपहिया वाहन से अकेले जाता है। दोनों ने रुणीजा-बड़नगर के बीच रास्ते में लूट की प्लानिंग की। आरोपी वहां पहुंच भी गए थे, लेकिन उस दिन व्यापारी के साथ एक अन्य व्यक्ति भी था। इसलिए उन्होंने वारदात नहीं की। इसके बाद भी आरोपियों ने व्यापारी की गतिविधियों पर नजर रखी। मौका मिलने पर 13 अगस्त को बस में लूट की वारदात को अंजाम दिया।




### लूट के बाद इंदौर में रुकने की थी प्लानिंग

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार सभी आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उन्होंने एनएनजी ग्रुप बना रखा था। आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग थानों में पहले से केस दर्ज हैं। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि बरामद 5.41 करोड़ रुपए के माल के अलावा बाकी लूटा गया माल कहां है। रोहित नायक को भी हिरासत में ले लिया गया है। अब गौरव गुर्जर की गिरफ्तारी के बाद मामले में और खुलासे होने की संभावना है।

### 48 घंटे में खुलासा, सरार्फा व्यापारियों ने किया पुलिस का सम्मान

लूट का 48 घंटे में खुलासा करने पर रतलाम के सरार्फा व्यापारियों ने पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर आईजी, डीआईजी, एसपी समेत पुलिसकर्मियों का सम्मान किया। आईजी ने बताया कि खुलासे में रतलाम जिले की सभी पुलिस टीमों के साथ बड़नगर पुलिस भी शामिल रही। मुख्यमंत्री और डीजीपी ने भी पुलिस टीम को बधाई दी है। खुलासे में शामिल सभी पुलिसकर्मियों को इनाम देने के लिए प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय भेजा जा रहा है।

### दुकान के नीचे चाय की दुकान से मिली अंदर की जानकारी

मुख्य आरोपी अभिजीत उर्फ अभय गणेश मार्केट में व्यापारी की दुकान के नीचे महाराज चाय की दुकान चलाता है। पुलिस के मुताबिक, इसी दौरान उसकी पहचान व्यापारी के कर्मचारी रोहित नायक से हुई। अभिजीत ने रोहित से व्यापारी के आने-जाने और साथ ले जाने वाले माल की जानकारी ली। इसके बाद दोनों ने लूट की योजना बनाई। रतलाम कोर्ट चौराहे पर राहुल उर्फ वीर गुर्जर की चाय की दुकान पर बैठकर भी आरोपियों ने वारदात की प्लानिंग की। आरोपियों ने व्यापारी की गतिविधियों पर नजर रखकर उसके रूट, समय और साथ मौजूद रहने वाले लोगों की जानकारी जुटाई।

### बस में पीछे बैठकर बैग छीना, दो बाइक से भागे

13 अगस्त की रात व्यापारी बड़नगर से रतलाम लौटने के लिए बस में सवार हुआ था। आरोपियों ने रेन फंटे के पास बस रुकवाई। इसके बाद बस में मौजूद बदमाशों ने व्यापारी का बैग छीना और बाहर निकलकर बाइक से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, वारदात के बाद आरोपियों के भागने के लिए रवि उर्फ बबला गुर्जर ने दो बाइक उपलब्ध कराई थीं। पुलिस के अनुसार, वारदात से पहले ही आरोपियों ने तय कर लिया था कि लूट के बाद कहां जाना है। फरार आरोपी गौरव गुर्जर इंदौर के हरसौला का रहने वाला है और वहां ढाबा चलाता है। वह गिरफ्तार आरोपी राहुल उर्फ वीर गुर्जर के मामा का लड़का है। राहुल ने गौरव को लूट के बाद आरोपियों के हरसौला में रुकने की प्लानिंग बताई थी। वारदात के बाद आरोपी हरसौला पहुंचे और वहां रुके।

### जबलपुर स्टेशन पर भगदड़ जैसे हालात, प्लेटफार्म टिकट बंद कराने पर भी नहीं सुधरे हालात

# हज यात्रियों को छोड़ने उमड़ी हजारों लोगों की भीड़

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर



जबलपुर रेलवे स्टेशन पर रविवार रात हज यात्रियों को छोड़ने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ गई। ट्रेन नंबर 12187 गरीब रथ एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म नंबर 2-3 पर पहुंचते ही प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 6 से बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए। कुछ ही देर में स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और भगदड़ जैसे हालात पैदा हो गए।

स्थिति बिगड़ती देख आरपीएफ जवानों ने मोर्चा संभाला। यात्रियों और उनके परिजनों को नियंत्रित करने के लिए लगातार अनाउंसमेंट कराया गया। इसके बावजूद भीड़ कम नहीं हुई तो अतिरिक्त पुलिस बल को स्टेशन पर तैनात करना पड़ा।

हर साल मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में मुस्लिम श्रद्धालु हज यात्रा के लिए सऊदी अरब जाते हैं। जबलपुर से मुंबई जाने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस भी हज यात्रियों के लिए प्रमुख ट्रेन है। ट्रेन से रवाना होने वाले यात्रियों को विदा करने के लिए उनके परिवार और परिचितों की बड़ी संख्या स्टेशन पहुंचती है।

रविवार रात भी यही स्थिति बनी। एक यात्री के साथ कई लोग स्टेशन के अंदर पहुंच गए, जिससे प्लेटफॉर्म पर हजारों की भीड़ जमा हो गई। ट्रेन के रवाना होने का समय नजदीक आते ही भीड़ और बढ़ गई और स्थिति नियंत्रण से बाहर होने लगी। आरपीएफ के मुताबिक ट्रेन नंबर 12187 के प्लेटफॉर्म 2/3 पर आने के समय अक्सर भारी भीड़ हो जाती है। खासकर ट्रेन के रवाना होने से कुछ समय पहले स्थिति ज्यादा गंभीर हो जाती है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों के एक साथ प्लेटफॉर्म पर पहुंचने से यात्रियों की सुरक्षा को खतरा पैदा होता है। आरपीएफ का कहना है कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एंट्री गेट पर पर्याप्त चेकिंग स्टाफ होना जरूरी है। साथ ही ट्रेन के आने से पहले कोच की स्थिति और यात्रियों की आवाजाही को व्यवस्थित करना होगा।

आरपीएफ ने सुझाव दिया है कि ट्रेन का संचालन प्लेटफॉर्म नंबर 1 या 6 से किया जाए, ताकि स्टेशन के अंदर अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। यह मामला संबंधित विभाग के संज्ञान में भी लाया जा चुका है।

### प्लेटफॉर्म टिकट बंद, लगातार कराया अनाउंसमेंट

आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजीव खरब ने बताया कि हज यात्रियों के साथ उन्हें छोड़ने आने वाले लोगों की संख्या हजारों में होती है। आरपीएफ की ओर से लगातार अनाउंसमेंट कर लोगों से स्टेशन के अंदर नहीं जाने की अपील की जाती है। भीड़ बढ़ने पर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री भी बंद कराई जाती है। उन्होंने बताया कि स्टेशन पर बच्चे और महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहते हैं।

# 10 दिन की मियाद पूरी, आज से उल्लंघन के नोटिस

### रहवासी क्षेत्र में कारोबार पर भोपाल में 5778 नोटिस; नरेला-गोविंदपुरा में सबसे ज्यादा

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाल में आवासीय भवनों के कमर्शियल उपयोग पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद नगर निगम ने नोटिस दे रहा है। अब तक कुल 5778 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इनमें नरेला और गोविंदपुरा विधानसभाओं में नोटिस की संख्या सबसे ज्यादा है।

5 से 9 अगस्त के बीच जिन लोगों को नोटिस दिए गए थे, उनकी अवधि 10 दिन की अवधि खत्म हो रही या हो गई है। ऐसे लोगों को सोमवार को 24 घंटे के नोटिस जारी किए जाएंगे। जिसमें आदेश के उल्लंघन का उल्लेख रहेगा। इस अंतिम नोटिस के बावजूद यदि आवासीय में कमर्शियल एक्टिविटी बंद नहीं की गई तो प्रतिष्ठान को सील किए जाने की कार्रवाई होगी। निगम के मुताबिक, 62 हजार से ज्यादा ऐसी प्रॉपर्टी लिस्टेड की गई है, जो रहवासी इलाके में हैं और कारोबार हो रहा है। 5 अगस्त से पहले तक 1018 रहवासियों को नोटिस दिए थे। सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद निगम ने सर्वे का दायरा बढ़ाया और पूरे शहर में सर्वे शुरू किया। 5 से 12 अगस्त तक 1163, जबकि 13 अगस्त को 1135 नोटिस और दिए गए। 14 अगस्त को 1478 नोटिस और दिए गए। 16 अगस्त तक नरेला विधानसभा में 1470, हुजूर विधानसभा में 1032, गोविंदपुरा विधान सभा में 1250, मध्य विधानसभा में 1093, उतर विधानसभा में 371 और दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में 652 नोटिए दिए जा चुके हैं।

### एमपी के 13 जिलों में आज हैवी रेन अलर्ट

# सीधी-मऊगंज और डिंडौरी में अति भारी बारिश की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल



मध्य प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ी है। बंगाल की खाड़ी से एक्टिव स्ट्रॉन्ग सिस्टम का असर अगले 2 दिन पूर्वी हिस्से- जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में दिखेगा। फिर पश्चिमी हिस्से- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल को सिस्टम असर दिखाएगा।

सोमवार को सीधी, मऊगंज और डिंडौरी में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इन जिलों में अगले 24 घंटे में 4 से 8 इंच तक बारिश हो सकती है। सतना, पन्ना, दमोह, कटनी, शहडोल, अनूपपुर, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, अलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, पांढुर्णा, रीवा, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक, मौजूदा सिस्टम का असर भोपाल, ग्वालियर और चंबल संभाग पर भी दिखाई देगा। 17, 18 और 19 अगस्त को यहां के कुछ जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है।

मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि प्रदेश में 15 से 21 अगस्त के दौरान पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में बारिश की संभावना बनी हुई है। पूर्वी हिस्से में 15 से 19 अगस्त के दौरान तेज बारिश का अलर्ट है। इसके बाद पश्चिमी हिस्सा भीगेगा।

ग्वालियर और चंबल संभाग में 17, 18 और 19 अगस्त को कुछ जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। मौसम केंद्र की माने तो प्रदेश में अब तक 544.4 मिमी यानी, 21.4 इंच बारिश हो चुकी है। हालांकि, यह अब तक की सामान्य बारिश 24.4 इंच (618.8 मिमी) की तुलना में 3 इंच कम है। वहीं, ओवरऑल 12 प्रतिशत कम पानी गिरा है। पूर्वी हिस्से में 18% और पश्चिमी हिस्से में औसत से 6% बारिश कम हुई है।

प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में 19% तक कम बारिश हुई है। बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़ और उमरिया में 2% से 54% तक कम बारिश हुई है।

वहीं, पश्चिमी हिस्से के आगर-मालवा, आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, दतिया, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, मुरैना, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, रतलाम, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन और विदिशा में औसत से 1% से 48% कम पानी गिरा है।

### 12 जिलों में ज्यादा बारिश

भोपाल, गुना, सीहोर, राजगढ़, ग्वालियर, अनूपपुर, भिंड, बुरहानपुर, देवास, बड़वानी, खंडवा और खरगोन में ही औसत से ज्यादा बारिश दर्ज की गई।

## यूसीसी कानून इस्लाम और शरीयत के खिलाफ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर जमीयत उलेमा मध्य प्रदेश ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। जमीयत के प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद अहमद ने कहा कि जो कानून बनाया गया है, यह इस्लाम और शरीयत के खिलाफ बनाया गया है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान बनाया था, हम उस पर अमल करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। लेकिन मौजूदा हुकूमत हमारे और इस्लाम के खिलाफ कानून बना रही है। यह सरकार मजहब की आजादी को खत्म कर रही है। मुफ्ती मोहम्मद अहमद ने रविवार को भोपाल में जमीयत उलेमा मध्य प्रदेश की बैठक के बाद यह बात कही। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों के अध्यक्ष, सचिव और खजांची के अलावा अलग-अलग मसलक के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# बीजेपी की राष्ट्रीय टीम का ऐलान कभी भी..., एमपी से 7 नेताओं के नाम

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल




भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अपनी टीम यानी भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का ऐलान कभी भी कर सकते हैं। नितिन नवीन की टीम में मध्य प्रदेश से बीजेपी के करीब 7 नेताओं के नाम चर्चा में हैं। इनमें से दो मध्य प्रदेश से पहली बार के विधायक हैं। शहडोल से दूसरी बार की सांसद हिमाद्री सिंह बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल की जा सकती हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 46 साल के हैं।

ऐसे में उनकी टीम में बीजेपी की टीम में हिमाद्री अंडर-40 ट्राइबल लीडर हैं। 38 साल की हिमाद्री नितिन नवीन की टीम में एमपी से सबसे प्रबल दावेदार हैं। हिमाद्री के बडे. राजनीतिक परिवार का प्रभाव एमपी के विंध्य से लेकर छत्तीसगढ़ तक है। उनके पिता मंत्री और मां सांसद रहीं हैं। 51 साल के गजेन्द्र पटेल खरगोन से दूसरी बार के सांसद हैं। गजेन्द्र सिंह पटेल 2017 में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने। इसके बाद प्रदेश भाजपा में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। 2019 में पहली बार खरगोन (रळ) से लोकसभा सांसद चुने गए। 2021-22 में उन्हें भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया। 2024 में वे लगातार दूसरी बार खरगोन से लोकसभा सांसद निर्वाचित हुए। 52 साल की कविता पाटीदार राज्यसभा सांसद हैं। वे इंदौर की जिला पंचायत अध्यक्ष और भाजपा की प्रदेश महामंत्री रह चुकी हैं। ओबीसी वर्ग से आने वाली कविता बीजेपी नेता और पूर्व मंत्री भेरूलाल पाटीदार की बेटी हैं। उन्हें बीजेपी का राष्ट्रीय पदाधिकारी बनाया जा सकता है। बीजेपी के 33 फीसदी महिला आरक्षण और ओबीसी राजनीति में भी कविता फिट बैठती हैं।

खजुराहो से सांसद और बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त(श्ऊ)शर्मा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बजाए केन्द्रीय मंत्रिपरिषद में लिया जा सकता है। वीडी शर्मा को केन्द्र सरकार में राज्यमंत्री बनाया जा सकता है।

बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में एमपी से जिन नए युवा चेहरों को मौका देने पर चर्चा हुई है उनमें जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे और शाजापुर जिने की कालापीपल से विधायक घनश्याम चंद्रवंशी का नाम शामिल है। अभिलाष और घनश्याम चंद्रवंशी दोनों ही पहली बार के विधायक हैं। अभिलाष पांडे बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## उफनती चंबल में उतारा स्टीमर, डीजल खत्म, इंजन बंद; 64 यात्रियों के साथ 5 किमी तक बहता रहा

ब्रह्मास्त्र ›› भिंड/मुरैना/भोपाल

चंबल नदी में रविवार सुबह 64 यात्रियों की जान उस समय सांसत में आ गई, जब मुरैना के नगरा घाट से उप्र के कैंजरा घाट जा रहे स्टीमर का बीच धार में डीजल खत्म हो गया। इंजन बंद होने के बाद स्टीमर चंबल की तेज धार में 5 किमी तक बहता रहा। यात्री दिनेश सिंह तोमर के मुताबिक, कनेरा के पास स्टीमर किनारे की ओर पहुंचा तो उसमें सवार चार युवक नीचे कूदे और रस्से की मदद से उसे रोका। मौके पर पहुंचे अधिकारियों को स्टीमर में एक भी लाइफ जैकेट नहीं मिली। सुरक्षा के लिए गोताखोर भी तैनात नहीं था। स्टीमर में यात्रियों के साथ 32 बाइक भी थीं। उस समय चंबल का जलस्तर बढ़ा हुआ था। मुरैना कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि उसैद घाट पर स्टीमर का संचालन बंद किया जाएगा। कांवड़ यात्रियों और पैदल लोगों के लिए पुल खोलने की व्यवस्था की जाएगी। स्टीमर संचालन की अनुमति उप्र से मिली थी, लेकिन मुरैना-भिंड प्रशासन या वन विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई।

# एक्ट्रेस अनन्या राज का 35 साल की उम्र में निधन



फिल्म '7 आवर्स टू गो' और 'घोस्ट' फेम एक्ट्रेस अनन्या राज का 35 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके परिजनों ने सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की है। परिजनों के अनुसार, अनन्या का निधन 15 जुलाई की सुबह नींद में ही हो गया। वे पिछले एक साल से ज्यादा समय से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं।

परिजनों ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया भावुक नोट अनन्या राज के परिवार ने उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक बयान जारी कर उनके निधन की जानकारी दी। परिजनों ने लिखा कि वे बहुत भारी दिल से यह बता रहे हैं कि 15 जुलाई को तड़के अनन्या का निधन हो गया। वे नींद में ही शांति से इस दुनिया को अलविदा कह गईं।

पोस्ट में लिखा गया कि पिछले एक साल से अधिक समय से वे शारीरिक और मानसिक परेशानी से गुजर रही थीं और उन्होंने एक योद्धा की तरह इसका सामना किया। 2016 में बॉलीवुड में कदम रखा था मुंबई में पली-बढ़ी अनन्या राज ने हिंदी और क्षेत्रीय सिनेमा में अपनी पहचान बनाई थी। उन्होंने साल 2016 में थ्रिलर फिल्म '7 आवर्स टू गो' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इसके बाद वे 2017 में आई फिल्म 'द फाइनल एग्जिट' और 2019 में विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी हॉरर फिल्म घोस्ट में नजर आईं। फिल्मों के अलावा वे कई मशहूर म्यूजिक वीडियोज का भी हिस्सा रहीं, जिससे उन्हें दर्शकों के बीच पहचान मिली। तेलुगु और अन्य क्षेत्रीय फिल्मों में भी किया काम हिंदी फिल्मों के अलावा अनन्या ने क्षेत्रीय सिनेमा में भी अपनी किस्मत आजमाई थी। उन्होंने साल 2022 में रिलीज हुई तेलुगु सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'थगड़े ले' में काम किया था। श्रीनिवास राजू के निर्देशन में बनी इस फिल्म में वे नवीन चंद्रा, दिव्या पिल्लई और पी. रविशंकर के साथ नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने त्रिभाषी फिल्म 'मद्रासी गैंग' में भी मुख्य भूमिका निभाई थी।

## ओवरसाइज्ड ब्लू शर्ट और वाइड-लेग जींस में दिखा एक्ट्रेस का स्टाइलिश लुक

# प्रेग्नेंट दीपिका को एयरपोर्ट छोड़ने पहुंचे पति रणवीर





दीपिका पादुकोण शनिवार रात मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। इस दौरान वह ब्लू आउटफिट में नजर आईं। दीपिका को एयरपोर्ट छोड़ने रणवीर भी पहुंचे थे। इस दौरान रणवीर कार में बैठे नजर आए।

प्रेग्नेंट दीपिका ने ओवरसाइज्ड लाइट ब्लू शर्ट के साथ ढीली और वाइड-लेग ब्लू जींस पहनी थी। दोनों आउटफिट का टोन एक जैसा था, जिससे उनका लुक कोऑर्डिनेटेड नजर आया।

शर्ट में क्लासिक कॉलर, बटन-डाउन फ्रंट और फुल स्लीव्स थीं। उन्होंने ढीली शर्ट के साथ फिटेड बॉटम पहनने के बजाय वाइड-लेग डेनिम चुनी, जो पैरों पर ढीली थी।

दीपिका ने लुक को व्हाइट स्नीकर्स के साथ पूरा किया। उन्होंने डार्क लेदर शोल्डर बैग और ब्राउन-टिंटेड सनग्लासेस पहने थे। मेकअप सिंपल रखा और बालों को स्लीक बन में बांधा। उनके ग्रीन मैनीक्योर ने लुक में रंग का टच जोड़ा। दीपिका और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। कपल ने 19 अप्रैल को दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी।

दीपिका और रणवीर के इंस्टाग्राम हैंडल पर उनकी बेटी दुआ की एक तस्वीर शेयर की गई थी, जिसमें बेटी ने एक प्रेग्नेंसी टेस्ट किट पकड़ी हुई है, जो पॉजिटिव रिजल्ट दिखा रहा है। तस्वीर में रणवीर बेटी को गोद में लिए हुए हैं। हालांकि, उनका चेहरा दिखाई नहीं दे रहा था। वहीं, तस्वीर में दुआ का आधा चेहरा नजर आ रहा था।

### 2024 में बेटी दुआ का जन्म हुआ था

बता दें कि दीपिका और रणवीर ने 8 सितंबर 2024 को अपनी बेटी दुआ के जन्म की जानकारी दी थी। उस समय उन्होंने लिखा था, वेलकम बेबी गर्ल। 8-9-2024। दीपिका और रणवीर। इससे पहले फरवरी 2024 में दीपिका ने प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दोनों की लव स्टोरी 2013 में फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' के सेट से शुरू हुई थी। कई सालों तक रिश्ते में रहने के बाद दोनों ने 2018 में इटली में शादी की थी। कपल के वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका फिल्म किंग में शाहरुख खान के साथ नजर आएंगी। फिल्म 24 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, रणवीर की लास्ट 2 फिल्में ह्यधुरंधरह्ण और ह्यधुरंधर 2ह्ण हैं। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुईं। 'धुरंधर' के पहले पार्ट ने दुनियाभर में 1307 करोड़ रुपए का कारोबार किया था, जबकि इसके सीक्वल को भी दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिला। धुरंधर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई करते हुए भारत में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनने का रिकॉर्ड बनाया।

# रणवीर सिंह की नई फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग शुरू





अभिनेता रणवीर सिंह ने अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग रविवार को मुंबई में शुरू कर दी है। मेकर्स की आधिकारिक घोषणा के अनुसार, यह एक एंड-ऑफ-द-वर्ल्ड (दुनिया के अंत) के संकट पर आधारित एक्शन थ्रिलर फिल्म है।

फिल्म की कहानी मुंबई शहर की पृष्ठभूमि पर सेट है, जिसमें तबाही के बीच इंसानी जिंदगी को बचाने की लड़ाई दिखाई जाएगी। इस प्रोजेक्ट में रणवीर सिंह मुख्य भूमिका निभाने के साथ-साथ को-प्रोड्यूसर की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। फिल्म में उनके साथ साउथ की 'लोका' फेम एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य किरदार में नजर आएंगी।

फिल्म का निर्देशन 'स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी' और 'लुटेरे' से पहचान बनाने वाले निर्देशक जय मेहता कर रहे हैं। मेकर्स के मुताबिक, फिल्म को रियलिस्टिक लुक देने के लिए मुंबई और आसपास की असली लोकेशन्स पर शूट किया जा रहा है। कैमरे के सामने शूटिंग शुरू होने से पहले फिल्म की टीम ने कई महीनों तक काफी तकनीकी प्री-प्रोडक्शन पर काम किया है। 'लोका' फेम कल्याणी प्रियदर्शन और जय मेहता की नई जोड़ी इस प्रोजेक्ट के जरिए रणवीर सिंह और कल्याणी प्रियदर्शन की जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे पर साथ काम कर रही है। कल्याणी ने हाल ही में फिल्म 'लोका' से काफी तारीफें बटोरी थीं। वहीं, निर्देशक जय मेहता, जिन्होंने हंसल मेहता के साथ मिलकर 'स्कैम 1992' का सह-निर्देशन किया था,


# शर्मिला टैगोर ने शादी के बाद इस्लाम अपनाया था



एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान मंसूर अली खान पटौदी की बेटी सबा अली पटौदी ने हाल ही में अपने माता-पिता की अंतरधार्मिक शादी और धार्मिक परवरिश पर बात की है। उन्होंने बताया कि शादी के बाद उनकी मां ने इस्लाम अपनाया था और बच्चों को भी इसके बारे में सिखाया।

सबा ने यह बात यूट्यूब चैनल ह्यबिग बॉलीवुड बफ्सह्ण से बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता ने उन्हें, सैफ अली खान और सोहा अली खान को कोई धर्म मानने के लिए मजबूर नहीं किया। जब इंटरव्यू में उनसे सवाल पूछा गया, क्या आप धार्मिक हैं? इस पर सबा ने जवाब दिया, मैं बहुत धार्मिक हूं, लेकिन मुझे लगता है कि धर्म से ज्यादा मैं आध्यात्मिक हूं। हालांकि, आध्यात्मिक होने के लिए मेरा जुड़ाव इस्लाम से है। इसलिए मेरे लिए दोनों लगभग एक ही हैं। मैं कहूंगी कि मेरा धर्म इस्लाम है और मेरा इससे जुड़ाव है। अगर मुझे भगवान के बारे में सोचना हो, तो मैं उन्हें अल्लाह कहूंगी। सबा ने आगे कहा, इसका मतलब यह नहीं है कि मैं दूसरे धर्मों का सम्मान नहीं करती। बिल्कुल नहीं। मुझे लगता है कि बौद्ध धर्म भी काफी हद तक मेरी सोच से जुड़ता है और सभी धर्मों की बात करें, तो एक ही शक्ति का स्त्रोत है। मैं इसमें भी विश्वास करती हूं। आप उसे अल्लाह कह सकते हैं, राम कह सकते हैं या अपनी सुविधा के हिसाब से कोई भी नाम दे सकते हैं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ








## जोक्स

मंटू - कल मैंने रॉकेट छोड़ा तो सीधे सूरज से जा टकराया।
घंटू - क्या बात कर रहा है?
मंटू - फिर क्या? मेरी पिटाई हुई।
घंटू - किसने मारा?
मंटू - सूरज की मम्मी ने...




सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना। वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।

डॉक्टर - तुमने आने में देर कर दी।
पप्पू - क्या हुआ डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास? डॉक्टर - मर नहीं रहे हो, 6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।



## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 3 | | 6 | | 10 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 24 | | 2 | | 12 | | 2 | = | 12 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 32 | | 43 | | 18 | | 22 | = | 46 / 35 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | र्म | मे | रि | दु | ला | रा | ल | क | लं | क |
| बू | खु | क | दू | ई | जी | क | शि | या | इ | बी |
| त | पी | जा | स्ले | र | ग | या | ल | ह | प | ल |
| र | अ | ए | रा | आ | बा | बू | ल | यु | लि | प्रे |
| व | र | रा | जा | जी | क | ला | कि | यो | ग | म |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | ला | शी | ह | गी | ल |
| न | अ | ल | रा | व | मा | जो | ई | व | प | ति |
| क | रि | ल | र | क | र | ह | त्या | ल | थि | क |
| र | क | ल | श | रा | च | ज | जी | शा | जू | म |
| र | ग | ल | बो | मा | व | ति | का | री | टि | जो |
| बां | क | र | तू | त | च | ले | स | क | म | र |

शब्दजाल में 'क' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

---

कबूतर, कमजोर, कलयुग, कलंक, कलश, कलाई, करामात, करतूत कर्म, कमर

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | 2 |
| 6 | 34 | | 33 | | 33 | |
| 5 | | 3 | | 7 | | 4 |
| 1 | 22 | | 35 | | 34 | |
| | | 5 | 6 | 2 | | 3 |
| 3 | 30 | | 37 | 5 | 33 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | 1 |

**प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.**


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | x | 2 | - | 75 | + | 10 | = | 35 |
| + | | + | | - | | + | | + |
| 20 | x | 5 | - | 50 | + | 2 | = | 25 |
| + | | + | | + | | + | | + |
| 30 | + | 30 | x | 1 | - | 30 | = | 30 |
| - | | - | | + | | + | | - |
| 50 | - | 25 | + | 5 | x | 2 | = | 60 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 50 | - | 12 | - | 30 | + | 21 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 32 | 1 | 23 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल ....... का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## चंडीगढ़- मां ने बेटे को बचाने के लिए किडनी दी:मोहाली में 7 लाख का ट्रांसप्लांट फेल

**चंडीगढ़।** 'जिस बेटे को जन्म दिया, उसकी जिंदगी बचाने के लिए मां ने अपनी किडनी भी दे दी। मगर, मोहाली के एक प्राइवेट अस्पताल में कराए ट्रांसप्लांट के बाद किडनी फेल हो गई। अल्ताफ की तबीयत बिगड़ती चली गई तो पिता उसे लेकर चंडीगढ़ PGI पहुंचे। यहां वह करीब 8 दिन भर्ती रहा, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। अब हर तीसरे दिन बाहर से डायलिसिस करानी पड़ रही है। परिवार अब हर तीसरे दिन 500 रुपए में सस्ते डायलिसिस के लिए ढक्र्क पहुंचता है, लेकिन नंबर नहीं आता तो 3 हजार में बाहर से डायलिसिस करानी पड़ती है।

इलाज के बढ़ते खर्च के बीच परिवार को अपनी एक बीघा जमीन तक बेचनी पड़ी। ढक्र्कके बाहर खड़े अल्ताफ और उसके पिता से बातचीत में उनकी पूरी कहानी सामने आई। अल्ताफ बिजनौर (उत्तर प्रदेश) की नजीबाबाद तहसील का रहने वाला है। वह करीब 5 साल तक अबू धाबी में ड्राइवर का काम करता रहा। शुरूआत में उसे 20 हजार रुपए महीने मिलते थे। भारत वापस आने के समय उसकी कमाई करीब 25 हजार रुपए महीना थी। अल्ताफ की शादी हो चुकी है, लेकिन उसके कोई बच्चा नहीं है। एक दिन अचानक उसके पैर में दर्द हुआ। इसके बाद पैर पर सूजन आ गई। अबू धाबी में उसका इलाज कराया गया। वहां से डिस्चार्ज होने के बाद परिवार उसे भारत वापस ले आया। बिजनौर में जांच कराई गई तो पता चला कि उसकी किडनी में परेशानी है। किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत सामने आने पर अल्ताफ की मां शेरूनिका ने अपनी किडनी देने का फैसला किया। परिवार के मुताबिक, ट्रांसप्लांट से पहले शेरूनिका की किडनी में पथरी थी। पिता शाहिद ने डॉक्टरों को इसकी जानकारी दी थी।

## रूस पर यूक्रेन का सबसे बड़ा ड्रोन हमला, 6 की मौत

**मॉस्को।** यूक्रेन ने रविवार को रूस पर युद्ध शुरू होने के बाद अब तक का सबसे बड़े ड्रोन हमला किया है। इसमें कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई। इन ड्रोन हमलों में मॉस्को के पास रूसी ई-कॉमर्स कंपनी वाइल्डबेरिज के डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर में आग लग गई।

यह गोदाम करीब 2 लाख वर्ग मीटर में फैला है। सामने आई तस्वीरों में इमारत का बड़ा हिस्सा आग की चपेट में दिखाई दिया। आसमान में दूर तक काला धुआं उठता नजर आया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने पिछले 24 घंटे में 9 यूक्रेनी क्रूज मिसाइल और कुल 1,478 ड्रोन मार गिराए हैं। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि करीब 600 ड्रोन राजधानी की ओर दागे गए थे। उन्होंने इसे पिछले दो साल में मॉस्को पर हुआ सबसे बड़ा हवाई हमला बताया। इसी दौरान रूस ने भी रविवार को यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। इन हमलों में कम से कम 7 लोगों की मौत हुई। राजधानी कीव भी पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया गया। इसमें 6 लोग घायल हुए और राजधानी में कई जगह आग लग गई। कीव के ओबोलोंस्की जिले में पेट्रोव्का बुक मार्केट का बड़ा हिस्सा जल गया। द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक, आग में उनकी किताबों का पूरा स्टॉक नष्ट हो गया।

## बांग्लादेश बोला- पूर्व पीएम शेख हसीना को वापस भेजो, बातचीत के लिए सही माहौल जरूरी

**ढाका।** बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान का भारत दौरा फिलहाल टल गया है। ढाका के विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि पहले भारत पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस भेजे। इसके बाद ही पीएम रहमान के भारत दौरे की तैयारियां आगे बढ़ेंगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ए.के. शाहिदुल करीम ने कहा कि मौजूदा हालात में यात्रा के लिए सही माहौल नहीं है। बांग्लादेशी प्रधानमंत्री 21 अगस्त को दिल्ली आने वाले थे। इस दौरे को लेकर दोनों देशों में बातचीत चल रही थी।शाहिदुल करीम ने कहा- नई दिल्ली में 5 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने भारत की जमीन से राजनीतिक बयान दिए। इससे यात्रा के लिए बना माहौल खराब हुआ। करीम ने कहा कि बांग्लादेश पहले भी इस मुद्दे पर अपना रुख साफ कर चुका है। हम चाहते हैं कि पीएम तारिक की यात्रा से पहले दोनों देशों के बीच सही माहौल बना सकें। तारिक के अगस्त के तीसरे हफ्ते में भारत आने की खबरें आई थीं। बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल हसीना को मानवता के खिलाफ अपराधों के मामले में दोषी ठहरा चुकी है।

## ईरान से समझौते को लेकर खाड़ी देश ट्रम्प से नाराज

**ईरान।** ईरान के साथ समझौते की अमेरिकी कोशिशों से उसके कुछ खाड़ी सहयोगी निराश हैं। द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, इन देशों को लग रहा है कि लंबे समय से बातचीत चलने के बावजूद अमेरिका और ईरान के बीच अब तक कोई पक्का समझौता नहीं हो पाया है।

हालांकि, व्हाइट हाउस ने खाड़ी देशों के ट्रम्प से नाराज होने की खबरों को खारिज किया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ट्रम्प के खाड़ी देशों के नेताओं के साथ अच्छे रिश्ते हैं और युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका लगातार उनके संपर्क में है। एक्सियोस के मुताबिक, ट्रम्प ने पिछले हफ्ते कहा था कि अमेरिका फिलहाल ईरान पर नए हमले की तैयारी नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के साथ ह्लआधी-अधूरी बातचीतह्व कर रहा है और वहां के खराब आर्थिक हालात पर नजर रख रहा है। इससे पहले ट्रम्प ने ईरान पर होने वाला एक हमला भी रोक दिया था। उनका कहना था कि अगर जल्द समझौता हो जाता है तो सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं पड़ेगी। अमेरिका के सहयोगी होने के बावजूद खाड़ी देश ईरान से निपटने के तरीके पर एकमत नहीं हैं।

# ईरानी सेना बोली-अमेरिकी सैनिकों को मारने-पकड़ने पर 28 लाख इनाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान


ईरानी सेना ने ऐलान किया है कि किसी अमेरिकी सैनिक को मारने या पकड़ने वाले व्यक्ति को 30 हजार डॉलर (करीब 28 लाख रुपए) का इनाम दिया जाएगा। अगर यह काम कोई महिला करती है तो इनाम की रकम दोगुनी यानी 60 हजार डॉलर कर दी जाएगी।

ईरानी सेना के कमांडर-इन-चीफ अमीर हातमी ने तेहरान में कहा कि यह योजना कई मांगों के बाद बनाई गई है। यह उन लोगों के लिए है, जो फाइनेंशियल जिहाद के जरिए देश के युद्ध प्रयासों में आर्थिक रूप से मदद करना चाहते हैं। हातमी ने कहा कि इस संघर्ष ने अमेरिका के सैन्य दबदबे को कमजोर किया है। साथ ही कई देशों को अपनी सुरक्षा के लिए दूसरे विकल्प तलाशने पर मजबूर किया है।

हातमी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान की भी आलोचना की, जिसमें उन्होंने ईरान की हार के बाद होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का क्षेत्र घोषित करने की बात कही थी।

द यरुशलम पोस्ट के मुताबिक हातमी ने दावा किया कि ईरान ने अमेरिकी सेना को प्रभावी रूप से पीछे हटने पर मजबूर किया है। अब उसे फारस की खाड़ी, ओमान सागर या होर्मुज स्ट्रेट में प्रवेश की अनुमति नहीं है।

28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के बाद होर्मुज स्ट्रेट से तेल ढुलाई लगातार प्रभावित रही। समुद्री बारूदी सुरंगों, मिसाइल और ड्रोन हमलों के खतरे, अमेरिका और ईरान की नाकेबंदी तथा बढ़ी बीमा लागत के कारण इस रास्ते से हर दिन गुजरने वाला कच्चा तेल 2 करोड़ बैरल से घटकर 37 लाख बैरल रह गया।



### ट्रम्प ने दक्षिण कोरिया के साथ सैन्य अभ्यास घटाए

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को पेंटागन को दक्षिण कोरिया के साथ होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास कम करने का आदेश दिया। ट्रम्प ने कहा कि दक्षिण कोरिया ने ईरान को परमाणु हथियारों से मुक्त करने की अमेरिकी कोशिश में मदद करने से इनकार कर दिया था। उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अमेरिका और दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़े कदम उठाने की धमकी दी थी। उसने सैन्य अभ्यासों को आक्रामक युद्ध की तैयारी बताया और कहा कि इससे क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ रही है।

## अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के 5 साल पूरे, महिलाओं की आजादी छीनी, प्रेस पर पाबंदियां बढ़ीं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ काबुल

तालिबान के काबुल पर कब्जे के आज पांच साल पूरे हो गए हैं। पांच साल में अफगानिस्तान की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। तालिबान ने पूरे देश पर अपना नियंत्रण मजबूत किया और अर्थव्यवस्था में कुछ सुधार आया। लेकिन दूसरी तरफ महिलाओं के अधिकारों पर सख्त पाबंदियां लगीं, प्रेस की आजादी घटी और शारीरिक सजाएं फिर आम हो गईं। ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2021 से नवंबर 2022 के बीच अदालतों ने कम से कम 18 मामलों में शारीरिक सजा का आदेश दिया। इनमें ज्यादातर मामले तथाकथित नैतिक अपराधों से जुड़े थे।

दिसंबर 2022 में परवान प्रांत के एक स्टेडियम में भीड़ के सामने 27 लोगों को सबके सामने कोड़े मारे गए। तालिबान से पहले की अफगान सरकारों के दौर में भी शारीरिक सजा मौजूद थी, लेकिन तालिबान के शासन में इसे खुले तौर पर और नियमित रूप से लागू किया जाने लगा। अफगानिस्तान में 15 अगस्त 2021 को तालिबान ने काबुल पर कब्जा कर लिया। कुछ ही घंटों में अफगान सरकार का पतन हो गया। कमर्शियल फ्लाइट्स रद्द हो गईं और हजारों लोग देश छोड़ने के लिए काबुल एयरपोर्ट पहुंच गए। तालिबान ने उस समय महिलाओं के अधिकार बनाए रखने और अमेरिका व पिछली अफगान सरकार के साथ काम करने वालों को माफी देने का वादा किया था।

प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने कहा था कि लोगों को अपनी संपत्ति, जान या सम्मान को लेकर खतरा नहीं होगा। लेकिन अगले पांच साल में तस्वीर इन वादों के बिल्कुल उलट नजर आई।

### सुप्रीम कोर्ट में आज कावेरी जल विवाद याचिका पर सुनवाई:

# तमिलनाडु ने 3 अगस्त को याचिका दायर की थी; कर्नाटक से पानी छोड़ने की मांग की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट आज तमिलनाडु सरकार की कावेरी जल विवाद से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करेगा। याचिका में कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु के हिस्से का कावेरी पानी तुरंत छोड़ने की मांग की गई है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने 3 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 12 अगस्त को कहा कि मामले में तमिलनाडु सरकार और अन्य पक्षों की ओर से दाखिल याचिकाओं पर 17 अगस्त को सुनवाई की जाएगी। तमिलनाडु सरकार ने अपनी याचिका में दावा किया कि कावेरी जल विनियमन समिति (उहफ्छ) की ओर से राज्य के लिए तय पानी की मात्रा और कर्नाटक की ओर से छोड़ा गया पानी, दोनों ही काफी कम हैं। 28 जुलाई को हुई कावेरी जल विनियमन समिति (उहफ्छ) की बैठक में कर्नाटक को 29 जुलाई से 15 दिनों तक रोजाना 3,500 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया गया था।

हालांकि, तमिलनाडु सरकार के मुताबिक, 29 जुलाई से 2 अगस्त के बीच बिलिगुंडुलु में पानी का प्रवाह 158 से 550 क्यूसेक के बीच ही रहा।

तमिलनाडु सरकार की ओर से जारी एक प्रेस रिलीज में कहा गया कि 3 अगस्त तक कर्नाटक के काबिनी, हरंगी और हेमावती डैम में कुल मिलाकर 77.537 थाउजेंड मिलियन क्यूबिक फीट पानी जमा था। सरकार ने कहा कि कर्नाटक को तमिलनाडु का तय हिस्सा अनुपात के मुताबिक जारी करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## होर्मुज स्ट्रेट खोलने पर अटका समझौता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान की बातचीत में होर्मुज स्ट्रेट अहम मुद्दा बना हुआ है। ट्रम्प चाहते हैं कि होर्मुज स्ट्रेट तुरंत और पूरी तरह खोला जाए। वहीं, ईरान की मांग है कि अमेरिका पहले अपनी नौसैनिक नाकाबंदी हटाए और ईरान के पास तैनात अमेरिकी सैनिकों को पीछे करे।

## आरोप-सोनिया ने वंदेमातरम् का अपमान किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बंगाल के नैहाटी से भाजपा विधायक और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के वंशज सुमित्रो चटर्जी ने वंदेमातरम के अपमान पर सोनिया गांधी से बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। दरअसल, कल भाजपा ने आरोप लगाया था कि सोनिया ने स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस मुख्यालय में वंदेमातरम को रुकवाने का इशारा किया था। इसका वीडियो सामने आने के बाद विवाद बढ़ गया है।

चटर्जी का दावा है कि सोनिया ने वंदेमातरम का पूरा संस्करण गाने को लेकर असहजता दिखाई और इसे रोकने की बार-बार कोशिश की। भाजपा विधायक चटर्जी ने सोनिया गांधी के नाम एक लेटर लिखा है। जिसमें उन्होंने खुद को आम नागरिक, देशभक्त और बंकिमचंद्र का सीधा वंशज बताया। उन्होंने कहा कि इस घटना के कारण उन्हें गहरा दर्द है। उन्हें गुस्सा आ रहा है क्योंकि ये शहीदों का अपमान है। चटर्जी ने जो लेटर लिखा है उसमें कहा है कि 15 अगस्त की घटना केवल दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक गलती को बेशर्मी से दोहराना है। उन्होंने अरविंद की उस बात का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने वंदेमातरम को देश को देशभक्ति के धर्म में दीक्षित करने वाला मंत्र बताया था।

### अभिजीत दीपके ने दोबारा परीक्षा की मांग की, उम्मीदवारों ने प्रदर्शन किया

# बॉम्बे हाईकोर्ट क्लर्क टाइपिंग टेस्ट में सर्वर-कंप्यूटर फेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई



महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में रविवार को बॉम्बे हाईकोर्ट क्लर्क भर्ती का टाइपिंग एग्जाम आयोजित किया गया था। अभ्यर्थियों का आरोप है कि एग्जाम के दौरान कई कंप्यूटर, माउस और कीबोर्ड ने काम करना बंद कर दिया।

कुछ उम्मीदवारों ने बताया कि उनकी स्क्रीन पीली हो गई और 10 मिनट बाद वे एग्जाम से लॉगआउट हो गए। इसे लेकर अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। इस एग्जाम में करीब 2,900 अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

प्रदर्शन में उखढ के फाउंडर अभिजीत दीपके भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कई अभ्यर्थियों को उनकी गलती के बिना ही फेल कर दिया गया। उन्होंने एग्जाम दोबारा कराने की मांग की। बॉम्बे हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार ने कहा कि एजेंसी के जरिए क्लर्क पद की टाइपिंग एग्जाम सामान्य तरीके से कराई गई। हालांकि, औरंगाबाद और कल्याण समेत कुछ एग्जाम सेंटर पर तकनीकी दिक्कतों की शिकायत मिली है। इन दिक्कतों की जांच की जा रही है। आगे क्या कार्रवाई होगी, इसकी जानकारी अभ्यर्थियों को आधिकारिक तौर पर दी जाएगी।

### एग्जाम तीन सेशन में आयोजित की गई थी

एग्जाम तीन सेशन में हाईकोर्ट की नागपुर और औरंगाबाद बेंच के तहत 1,300 क्लर्क पदों के लिए आयोजित की गई थी। तकनीकी गड़बड़ी की शिकायत सुबह 10 बजे से 11:15 बजे वाले सेशन में सामने आई।

### बंगाल में CJP कार्यकर्ता के पिता की पिटाई से मौत

पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में कॉकरोच जनता पार्टी कार्यकर्ता शेख अब्दुल हफीज के पिता जनाब मफीक की 15 अगस्त को हमले में लगी गंभीर चोटों से मौत हो गई। मफीक 13 अगस्त को अपने गांव करिसुंडा के सरकारी स्कूल में उखढ के 'स्कूल ठीक करो' अभियान में शामिल हुए थे। उन्होंने स्कूल की बदहाली का वीडियो बनाया था। उसी शाम हथियारबंद लोगों ने उनके घर में घुसकर उन्हें पीटा। हमलावरों ने उनसे माफी मांगते हुए वीडियो रिकॉर्ड करने को कहा।

## राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट सोमवार को राहुल गांधी की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है।

हाईकोर्ट ने सीबीआई और ईडी को राहुल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया था। याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 20 जुलाई को सीबीआई के जवाब पर असंतोष जताया था। कोर्ट ने एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी को जांच की अब तक की स्थिति बताते हुए नया हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था।

हाईकोर्ट ने कहा था कि सीबीआई का पहले दाखिल किया गया हलफनामा उसके पुराने आदेश के मुताबिक नहीं था। कोर्ट ने अगली सुनवाई से पहले सीबीआई के नई दिल्ली के एंटी करप्शन हेडक्वार्टर के संबंधित जोन के जॉइंट डायरेक्टर को व्यक्तिगत रूप से नया हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया था।

### भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर ने याचिका दाखिल किया

कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर राहुल गांधी पर आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगाया था। उन्होंने उइक और एऊसे इसकी जांच कराने की मांग की थी। इसके बाद कोर्ट ने आरोपों के वेरिफिकेशन के आदेश दिए थे। इस मामले में उइकविग्नेश शिशिर से पूछताछ भी कर चुकी है।

# महबूबा बोली- मैं भी दिमागी नक्सल, आर्टिकल 370 को सपोर्ट करती हूं रिजिजू ने कहा था- दिमागी नक्सली वही जो संविधान को नहीं मानते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी प्रधानमंत्री मोदी की 'दिमागी नक्सल' वाली टिप्पणी पर जवाब दिया। उन्होंने रविवार को कहा कि वह संविधान के आर्टिकल 370 का समर्थन करती हैं, इसलिए वह भी दिमागी नक्सल हैं।

वहीं, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कहा कि पीएम मोदी ने विपक्षी नेताओं को दिमागी नक्सल नहीं कहा था। रिजिजू ने पोस्ट में लिखा कि दिमागी नक्सल उन लोगों को कहा गया है, जो माओवादियों के समर्थक है, भारतीय संविधान को नहीं मानते, और अनुच्छेद 370 का समर्थन करते हैं।

15 अगस्त को लाल किले से संबोधन के दौरान पीएम ने कहा था कि देश को दिमागी नक्सलियों से बचना चाहिए और ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें अलग-थलग कर देना चाहिए। माओवादी सोच वाले लोगों ने सालों तक सत्ता के गलियारों में अपनी जगह बना ली थी। वे सरकारी समितियों में सलाहकार रहे और उन्होंने सरकारी नीतियों को प्रभावित किया। इस चुनौती को कम करके नहीं आंकना चाहिए। इसके लिए देश को और ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। दशकों से चले आ रहे नक्सलवाद और माओवादी हिंसा ने लाखों युवाओं की जिंदगी और उनके सपनों को बर्बाद कर दिया। इस संघर्ष में 3,500 से ज्यादा पुलिसकर्मी और सुरक्षा बलों के जवान मारे गए, जो युद्धों में मारे जाने वाले सैनिकों की संख्या से काफी ज्यादा है। नक्सलवाद ने भारत के बहुत बड़े हिस्से और बड़ी आबादी को बंदूक के दम पर अपने कब्जे में रखा था।

कांग्रेस ने मोदी के बयान पर कहा कि दिमागी नक्सल खोखला है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पहले जाति जनगणना की मांग को अर्बन नक्सल सोच बताकर खारिज किया गया था, लेकिन एक साल पहले जाति आधारित जनगणना की घोषणा कर दी गई।

उन्होंने कहा कि पहले विरोधियों की मांगों को अपमानजनक नाम दिए जाते हैं, फिर बाद में उन्हीं मांगों को मान लिया जाता है। 12 साल बाद भी उनके राजनीतिक भाषण में कुछ नया नहीं था। इससे पहले कांग्रेस के सीनियर लीडर पी. चिदंबरम ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिमागी नक्सली बयान पर पलटवार किया था। उन्होंने कहा था कि मुझे दिमागी नक्सली होने पर गर्व है।

## मोदी बोले- दिमागी नक्सलियों को पहचानें, उन्हें अलग करें: ये समाज को भटका रहे

80वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने लाल किले पर 75 मिनट की स्पीच दी। पीएम ने कहा- ह्यहथियारी नक्सल तो चले गए, लेकिन दिमागी नक्सल मौके की तलाश में हैं। समाज को गलत राह पर ले जाने के लिए तरह-तरह के काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्यऐसे लोग हिंसा अराजकता के रास्ते खोज रहे हैं। इन दिमागी नक्सलियों को पहचानना होगा और इन्हें आइसोलेट करना होगा और विकसित राष्ट्र बनाने की ओर देश की युवा पीढ़ी को जोड़ना होगा। पीएम ने 75 मिनट के भाषण में 52 बार युवाओं का जिक्र किया। इसमें ह्ययुवाह्न शब्द 20 बार, ह्यनौजवानह्न 22 बार और ह्यसाथियोंह्न 10 बार कहा। पीएम ने कहा कि सरकार अगले एक साल में 1 करोड़ युवाओं को अकस्किल्स की ट्रेनिंग देगी। गरीब और मिडिल क्लास परिवारों के युवाओं के लिए कई परीक्षाओं की फ्री ऑनलाइन कोचिंग दी जाएगी।

इससे पहले लाल किले पर पहली बार वंदे मातरम गाया गया। पीएम ने तिरंगा फहराया। उसके बाद राष्ट्रगान हुआ, 21 तोपों की सलामी दी गई।

'हमने नक्सलवाद खत्म करने का संकल्प लिया था। आज नक्सल क्षेत्र में नक्सल मुक्त होने के कारण विकास का तिरंगा लहरा रहा है। हमें सावधान रहने की जरूरत है। हथियारबंद नक्सल तो गए, लेकिन दिमागी नक्सल मौके की तलाश में हैं। इन दिमागी नक्सलों को पहचानना होगा। इन्हें युवाओं को भटकाने से बचाना होगा।' हमारी माताओं बहनों को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिले। वे भारत की नीति में अपना योगदान दें। समय की मांग है। मैं सभी राजनीतिक दलों से आग्रह करता हूं। आइए महिला आरक्षण लागू करके महिलाओं के सम्मान में आप भी जुड़िए और क्रेडिट लीजिए लेकिन मेरी माताओं बहनों को हक दीजिए।

■ वर्ष-12 अंक-284 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 17 अगस्त, 2026

### सुभाषितानि

अध्रुवेण शरीरेण प्रतिक्षण विनाशिना।
ध्रुवं यो नार्जयेत् धर्मं स शोच्यः मूढचेतनः।।

**भावार्थ** : जो मूर्ख हर पल नष्ट होने वाले अनिश्चित शरीर की तुलना में इस तरह के एक निश्चित धर्म को प्राप्त नहीं करता है, वह शोक का पात्र है।

अजरामरवत्प्राज्ञो विद्यामर्थं च चिन्तयेत्।
गृहीत इव केशेषु मृत्युना धर्ममाचरेत्।।

**भावार्थ** : यह समझते हुए कि बुढ़ापा और मृत्यु नहीं आएगी, शिक्षा और धन के बारे में सोचना चाहिए। लेकिन मौत ने हमें बालों से बांध कर रखा है, यह समझते हुए कि हमें धर्म का पालन करना चाहिए।

## मोइत्रायाः पक्षतः न्यायालये प्रस्तुतं यत्, पूर्वं पुलिस-समीपे उपस्थितेः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

तस्य प्रतिक्रियारूपेण तस्याः वकिलः तर्कयति स्म यत् तस्याः अन्वेषणे वीडियो सम्मेलनद्वारा भागं ग्रहीतुं अधिकारः अस्ति इति। सः अपि व्याख्यातवान् यत् पुलिसैः तस्याः संसदीयनिर्वाचनक्षेत्रस्य अन्तः एकस्मिन् पुलिसस्थाने उपस्थिता भवितुम् आह; यतः तत्र पूर्वं तस्याः विरुद्धं विरोधाः कृताः आसन्, तस्मात् व्यक्तिगतभ्रमणस्य विषये सुरक्षाचिन्ता आसीत्। मोइत्रायाः पक्षतः न्यायालये प्रस्तुतं यत्, पूर्वं पुलिस-समीपे उपस्थितेः समये आन्दोलनकारिणः तस्याः विरुद्धं प्रदर्शनं कृतवन्तः। एकदा सा अण्डानि क्षिप्तुं तर्जिता, तदनन्तरं खलु अण्डानि क्षिप्ताः।

## सम्पादकीयम्

### तर्हि भवन्तः

अद्यापि महत्त्वपूर्णसंख्याकाः महिलाः दुर्व्यवहारव्यवहारं सामान्यरूपेण स्वीकुर्वन्ति। अन्तर्राष्ट्रीयरूपेण विश्व-आर्थिक-मञ्चस्य लैङ्गिक-अन्तर-प्रतिवेदने निरन्तरं दर्शयति यत् आर्थिक-प्रगतेः अभावेऽपि मानसिकतायाः अन्तरं समानगत्या न निमीलति भारतस्य श्रेणीयां प्रतिवर्षं किञ्चित् उतार-चढावः भवति, तथापि तथ्यं वर्तते यत् समानतायाः अवधारणा अद्यापि वास्तविकव्यवहारे न अनुवादिता। एतत् एव अन्तरं यत् ३७० रुप्यकाणां बियार्णी 'हास्यं'रूपेण परिणमयति। पालनसंवेदनशीलतां निर्धारयति एषा समस्या केवलं भारते एव सीमितं नास्ति। अद्यतनकाले यूके-देशे एकः युवकः एकस्याः महिलायाः कृते तिथिपश्चात बिलं प्रेषितवान् यतः सा द्वितीयं बिलम् अङ्गीकृतवती। केषुचित् लोकप्रियेषु अमेरिकन-पोड्कास्ट्-मध्ये महिलाः मुक्ततया पृष्टाः भवन्ति यत् यदि वयं भवन्तं रात्रिभोजार्थं बहिः नेष्यामः तर्हि भवन्तः प्रतिफलरूपेण किं दास्यन्ति? जगत् परिवर्तितम्, भाषा च विकसिता, परन्तु व्यवहारस्य मानसिकता तथैव वर्तते-अधुना एव सा अधिकं पालिशितम्, प्रायः आङ्गलभाषायां वेष्टितम्। परन्तु कस्मिन् अपि समाजे भेदः तदा आरभ्यते यदा बालकः प्रथमवारं सम्यक भवति-यदा मातापितरः किमपि हास्यं न, अपितु अपमानं इति सूचयन्ति; यदा स्त्रियाः उपहासः हास्यस्य अपेक्षया असुविधां जनयति।

#### गुजरात-देशे स्थितानां मेडिकेयर-कम्पनीनां कृते डीलरशिप्-वितरक-कार्यं

## 74 वर्षीयः कम्पनीनिदेशकः वितरकत्वं सम्मिलितं बहुकोटिधोखाधड़ीं कृत्वा गृहीतः

ब्रह्मास्त्र ›› इन्दौर



गुजरात-देशे स्थितानां मेडिकेयर-कम्पनीनां कृते डीलरशिप्-वितरक-कार्यं सुरक्षितं कर्तुं बहाने महतीं धनराशिं संगृहीतस्य प्रकरणस्य सन्दर्भे इन्दौर-अपराधशाखायाः ७४ वर्षीयं कम्पनीनिदेशकं मनोहरलालगुप्तं गृहीतम्। पुलिस-अनुसारं आरोपी तस्य सहकारिभिः सह गुजरातक्षेत्रे डीलरशिपस्य प्रतिज्ञां कृत्वा शिकायतां विविधकम्पनीनां नामनि धनं निक्षेपयितुं प्रेरितम् तथापि न वितरकत्वं प्रदत्तं न च निक्षिप्तराशिः प्रतिदत्तः। अभियुक्तः धनं प्रत्यागन्तुं पृष्टे सति वाचिकदुर्व्यवहारस्य, धमकीनां च आश्रयं कृतवान् इति अपि शिकायतया आरोपितम्। पुलिस अन्वेषणं सूचयति यत् धोखाधड़ीयां सम्बद्धा कुलराशिः प्रायः 2.14 कोटिः अस्ति।

डीसीपी (अपराध) राजेश त्रिपाठी इत्यस्य मते कमलेश अग्रवालः-गुजरातस्य दहोडमण्डलस्य झालोडनगरस्य निवासी-अपराधशाखायां शिकायतां दातवान् आसीत्। सः अवदत् यत् इन्दौर-नगरस्य फमार्णां मेसर्स आईएचएल मेडिकेयर प्राइवेट् लिमिटेड् तथा इन्फुटेक हेल्थकेयर लिमिटेड् इत्येतयोः निदेशकयोः आदित्यगुप्तः मनोहरलालगुप्तश्च गुजरातक्षेत्रे स्वकम्पनीनां कृते डीलरशिपं दातुं प्रस्तावं दत्तवन्तौ। आरोपः अस्ति यत् एतेषां विक्रेतानां सुरक्षिततायै द्वयोः कम्पनीयोः प्रत्येकस्य कृते ५० लक्षं धनं निक्षिप्तम्, येन कुलनिक्षेपितराशिः १ कोटिरूप्यकाणि अभवत्।

पुलिसेन उक्तं यत् शिकायतया अनन्तरं अपराधशाखा उपलब्धदस्तावेजानाम् आधारेण अन्वेषणं आरब्धवती। अन्वेषणकाले अधिकारिणः शिकायतया प्रदत्तानां बैंकविवरणानां, लेर्ज-पत्राणां, अन्येषां प्रासंगिकदस्तावेजानां च परीक्षणं कृतवन्तः। दस्तावेजानां विरुद्धं दावानां सत्यापनानन्तरं पुलिसेन वित्तीय-अनियमितानां, धोखाधड़ीयाः च प्राथमिक-साक्ष्यं प्राप्तम्। तदनन्तरं जिला अभियोजनकार्यालयात् कानूनीमतं प्राप्तम्।

शिकायतया अभियुक्तेन वितरकमार्जिनधनम् इति शीर्षकेण अपि धनसङ्ग्रहः कृतः आसीत्। २०२२ तमस्य वर्षस्य जुलैमासपर्यन्तं कुलम् २८.५० लक्षं मार्जिनधनरूपेण भुक्तम् इति सूचना अभवत्। आरोपः अस्ति यत् धनस्य हस्तान्तरणस्य अनन्तरं न निर्धारितं मार्जिनधनं प्रदत्तम्, न च व्यावसायिकसञ्चालनस्य आरम्भार्थं स्टॉकस्य आपूर्तिः कृता यदा शिकायतकर्ता धनवापसीं याचितवान् तदा तस्य मौखिकदुर्व्यवहारः, धमकी च कृता इति कथ्यते। तदनन्तरं सः अपराधशाखायां शिकायतां कृतवान्।

पुलिस-अनुसन्धानस्य समये उजागरितदस्तावेजानां आधारेण धोखाधड़ीयां सम्बद्धा कुलराशिः प्रायः 2.14 कोटिरूप्यकाणि यावत् वर्धिता इति अनुमानितम् अस्ति अधुना पुलिस अन्वेषणं कुर्वती अस्ति यत् अभियुक्ताः केभ्यः व्यक्तिभ्यः धनं संगृहीतवन्तः, कति जनाः विक्रेतारः वा वितरकत्वं वा प्रदातुं सम्बद्धेषु व्यवहारेषु संलग्नाः आसन् इति। प्रकरणस्य प्रासंगिकाः बैंकव्यवहाराः, कम्पनीसम्बद्धाः दस्तावेजाः अपि अन्वेषणस्य व्याप्ते समाविष्टाः सन्ति। अपराधशाखायाः अनुसारं शिकायतया अन्वेषणकाले बैंकखातव्यवहारस्य, कम्पनीलेजरस्य च पारसत्यापनं कृतम्। तदतिरिक्तं अभियुक्तस्य शिकायतकर्ता च मध्ये व्यावसायिकव्यवहारसम्बद्धानां पत्राचारानाम् दस्तावेजानां च परीक्षणं कृतम्।

#### रविन्द्र जडेजः अपि बल्लेन

## सह बहुमूल्यं योगदानं दत्तवान्

ब्रह्मास्त्र ›› कोलम्बो

रविन्द्र जडेजः अपि बल्लेन सह बहुमूल्यं योगदानं दत्तवान्, सः ६३ रनाः कृत्वा मध्यमक्रमं बलवान्। तस्य पारी तस्मिन् समये स्थिरतां प्रदत्तवती यदा प्रतिस्पर्धात्मकं कुलं प्राप्तुं दलस्य साझेदारी आवश्यकी आसीत्। मानवसुथरः अपि ४१ रनस्य स्कोरं कृत्वा स्वस्य बल्लेबाजीपराक्रमं प्रदर्शितवान्; विशेषतः विदेशेषु क्रीडनस्य सीमितं अनुभवं दृष्ट्वा एतत् योगदानं दलस्य कृते लाभप्रदं सिद्धम् अभवत्।

अपरपक्षे ऋषभपन्तस्य प्रदर्शनं निराशाजनकम् आसीत्; सः केवलं द्वौ धावनौ कृत्वा बहिः अभवत्। पन्ट् आफ स्पिनर मेण्डिसस्य गेन्दबाजीतः लॉन्ग्-ऑन्-उपरि शॉट् मारयितुं प्रयतितवान्, परन्तु कन्दुकः तस्य बल्लेबाजस्य उपरितनधारं गृहीत्वा लॉन्ग्-ऑफ-पर्यन्तं गतः मेण्डिसः पारीयां विकेट्द्वयं प्राप्तवान्, येन भारतीयबल्लेबाजानां कृते आव्हानं जातम्। ध्रुव जुरेल् अपि केवलं एकं धावनं कृत्वा पतितः; तस्य स्पिनविरुद्धः संघर्षः पुनः स्पष्टः अभवत्।

भारतविरुद्धे अस्मिन् अभ्यास-क्रीडायां श्रीलङ्का-क्रिकेट्-एकादश-क्रीडायाः पर्याप्तं कुलम् आसीत्। श्रीलङ्का-दलेन प्रथमदिने ९० ओवरेषु ३६३ रनाः प्राप्ताः। तस्य प्रतिक्रियारूपेण भारतं द्वितीयदिने ३५७ धावनाङ्कान् कृतवान्, षट् धावनानि पश्चात् अभवत्। यद्यपि एषः अभ्यासक्रीडा अस्ति तथापि भारतीयक्रीडकानां कृते आगामिपरीक्षाश्रृङ्खलायाः पूर्वं परिस्थितिषु अनुकूलतां प्राप्तुं चयनस्य दावान् सुदृढं कर्तुं च महत्त्वपूर्णः अवसरः भवति गुर्नूर ब्रारस्य बल्लेबाजी भारतीयदलस्य कृते विशेषतया सकारात्मकं संकेतं प्रदत्तवान्। ब्रारः मुख्यतया द्रुतगतिक्रीडायाः कृते प्रसिद्धः अस्ति तथापि अन्तिम-ओवर-क्रीडायां यथा बृहत्-शॉट्-क्रीडां कृतवान् तस्य बल्लेबाजी-क्षमता प्रदर्शिता।

### राशिफल

**मेष** : आज के दिन करियर तौर पर मोटिवेटेड और प्रोडक्टिव फील करेंगे। आज का आपका दिन फायदेमंद माना जा रहा है।

**वृषभ** : आज करियर में आपको अपने बॉस का साथ मिलेगा। आपका दिन खास रहने वाला है। करियर लाइफ थोड़ी बिजी हो सकती है।

**मिथुन** : आज का आपका दिन शानदार रहेगा। पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा रिटर्न मिल सकता है।

**कर्क** : आज के दिन कुछ जरूरी जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। जंक फूड का ज्यादा सेवन न करें।

**सिंह** : आज पॉजिटिव रहने की सलाह दी जाती है। अपनी फाइनेंशियल सिचुएशन पर फोकस करें।

**कन्या** : कॉन्फिडेंट रहेंगे आज। स्ट्रेस फ्री रहने के लिए मेडिटेशन ट्राई करें। आज का आपका दिन मिले-जुले परिणाम लेकर आया है।

**तुला** :आज सेहत अच्छी रहेगी लेकिन बाहर का खाना खाने से बचें। आज का आपका दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा।

**वृश्चिक** : आपका दिन नॉर्मल रहने वाला है। आज जंक फूड्स को नो कहें। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**धनु** : आज का दिन आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है। आपका कैरेक्टर ही आपकी सबसे बड़ी उपलब्धी है।

**मकर** : परिवार के किसी सदस्य की सहायता करनी पड़ सकती है, जिससे फाइनेंशियल सिचुएशन पर असर पड़ सकता है।

**कुंभ** : आज के दिन धन लाभ के योग बन रहे हैं। सिंगल लोगों की लाइफ में किसी नए शख्स की एंट्री होने की संभावना है।

**मीन** : लव के मामले में पार्टनर को टाइम देना जरूरी है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और धन लाभ भी हो सकता है।

### ज्योतिष/वास्तु

## रक्षाबंधन पर इन राशि के लोग रहें संभलकर, चंद्र ग्रहण का साया बढ़ा सकता है टेंशन

रक्षाबंधन के अवसर पर 28 अगस्त 2026 को साल का आखिरी चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। यह आंशिक चंद्र ग्रहण होगा, जो शनि की राशि कुंभ और शतभिषा नक्षत्र में घटित होगा। इसका प्रभाव कुछ राशि पर देखने को मिलेगा, जिससे जातकों की परेशानियां बढ़ सकती हैं।

ज्योतिष शास्त्र में तीज-त्योहारों से लेकर उन पर बनने वाले योगों का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि, ग्रह-गोचरों का संयोग किसी विशेष पर्व पर बनना उसके महत्व और नियमों पर असर डालता है, जिसके चलते जातकों को लाभ-हानि की प्राप्ति के योग बनते हैं। इसी में रक्षाबंधन का दिन भी शामिल है, जिस पर ग्रहण का साया बन रहा है। दरअसल, इस साल रक्षाबंधन के अवसर पर 28 अगस्त 2026 को साल का आखिरी चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। यह आंशिक चंद्र ग्रहण होगा, जो शनि की राशि कुंभ और शतभिषा नक्षत्र में घटित होगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। लेकिन इसका राशियों पर ज्योतिषीय असर हो सकता है, जिसके चलते कुछ जातकों की परेशानियां बढ़ सकती हैं और कार्यों में उतार-चढ़ाव देखने को



मिल सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि यह ग्रहण किन राशि वालों के लिए तनाव और सावधानी का समय लेकर आ सकता है।

**चंद्र ग्रहण का समय-** साल का दूसरा चंद्र ग्रहण 28 अगस्त 2026 को लगने वाला है। ग्रहण की शुरूआत 28 अगस्त को सुबह 6 बजकर 53 मिनट पर होगी। इसका समापन दोपहर 12 बजकर 31 मिनट पर माना जा रहा है। यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसी कारण इसका सूतक काल और इसके नियम दोनों ही मान्य नहीं रहेंगे। हालांकि, ज्योतिषीय दृष्टि से इसका प्रभाव कुछ राशियों पर देखने को मिल सकता है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों को नए काम करने से बचना चाहिए। आपके लिए समय अशुभ हो सकता है, इसलिए किसी भी तरह की यात्रा न करें। परिवार में आपका विवाद हो सकता है। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी में लिए गए फैसले परेशानी बढ़ा सकते हैं। धन और कामकाज से जुड़े मामलों में भी सावधानी बनाए रखें। दोस्तों के साथ भी अनबन हो सकती है।

**तुला राशि-** तुला राशि के लोग सेहत को लेकर लापरवाही न करें। धन का लेनदेन भारी पड़ सकता है। कोई भी नया काम करना आपको भारी पड़ सकता है। इस दौरान किसी को बड़ी रकम उधार देने या बिना सोच-विचार के निवेश करने से बचें। कार्यक्षेत्र में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। कोर्ट के मामले परेशान करेंगे। इस समय वाणी का खास ध्यान आपको रखना होगा।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों का मानसिक तनाव बढ़ सकता है। पुराने विवाद फिर से सामने आ सकते हैं। किसी बात को लेकर परिवार या करीबी लोगों के साथ मतभेद होने की संभावना रह सकती है। वहीं, गुस्से और जल्दबाजी से बचकर समझदारी से काम लेना जरूरी होगा। परिवार में खुशियां बनी रहेंगी, लेकिन कार्यक्षेत्र में भी धैर्य बनाए रखें।

#### भारत 17 साल बाद मेजबानी कर रहा, सिंधु के पास छठा मेडल जीतने का मौका

## बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप आज से

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

नई दिल्ली में आज से बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप शुरू हो रही है। भारत 17 साल बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। 23 अगस्त तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के मुकाबले इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होंगे।

7 दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में पीवी सिंधु के पास अपना छठा मेडल जीतने का मौका है। वहीं, सात्विक-चिराग लगातार दूसरी बार मेडल जीतने के इरादे से उतरेंगे।




**बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप क्या है -** बैडमिंटन का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। जो ओलिंपिक इयर को छोड़कर हर साल होता है। इसका आयोजन बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन करता है। यहां जीतने वाले खिलाड़ी को अपने इवेंट का वर्ल्ड चैंपियन माना जाता है। पहली बार वर्ल्ड चैंपियनशिप 1977 में स्वीडन में हुई थी। शुरूआत में यह हर तीन साल में होती थी। 1983 के बाद 2 साल के अंतराल पर होने लगी। 2005 से यह ओलिंपिक इयर को छोड़कर हर साल आयोजित की जाती है।

**अब तक कितनी बार आयोजित हुआ है -** नई दिल्ली में इस चैंपियनशिप का 30वां एडिशन है। पिछला आयोजन 2025 में पेरिस में हुआ था। डेनमार्क ने सबसे ज्यादा 5 बार इस टूनामेंट की मेजबानी की है। स्पेन, चीन, इंडोनेशिया और इंग्लैंड 3-3 बार होस्ट कर चुके हैं। पिछला मेजबान फ्रांस था।

**कितनी कैटेगरी में मुकाबले होते हैं-** 5 कैटेगरी में मैच होते हैं। इनमें पुरुष सिंगल्स, महिला सिंगल्स, पुरुष डबल्स, महिला डबल्स और मिक्स्ड डबल्स शामिल हैं।

हर कैटेगरी के विजेता को गोल्ड मेडल मिलता है। उसे अगले एडिशन तक वर्ल्ड चैंपियन का खिताब भी मिलता है। दोनों सेमीफाइनल हारने वाले खिलाड़ियों और जोड़ियों को ब्रॉन्ज दिया जाता है।

**सबसे ज्यादा गोल्ड किसने जीते-** सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल चीन ने जीते हैं। वहां लिन डैन सबसे ज्यादा इंडिविजुअल गोल्ड जीतने वाले प्लेयर हैं। वे 5 बार वर्ल्ड चैंपियन का टाइटल अपने नाम कर चुके हैं। विमेंस कैटेगरी में जापान की अकाने यामागुची और स्पेन की कैरोलिना मारिन 3-3 बार वर्ल्ड चैंपियन बनी हैं।

### भारत ने अब तक कितने मेडल जीते

भारत ने अब तक 15 मेडल जीते हैं। इनमें एक गोल्ड, 4 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में भारत को पहला मेडल प्रकाश पादुकोण ने 1983 ने दिलाया था। जबकि, एकलौता गोल्ड पीवी सिंधु ने दिलाया है। 2011 के बाद से भारत ने हर एडिशन में कम से कम एक मेडल जीता है। अब तक भारत के 11 खिलाड़ी इस चैंपियनशिप में मेडल जीत चुके हैं। पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और सात्विक-चिराग की जोड़ी अलग-अलग एडिशन में मेडल जीत चुकी है।

### इस बार किस कैटेगरी में भारत के क्या चांसेज हैं?

सबसे ज्यादा चांस विमेंस सिंगल्स कैटेगरी में हैं। 15 में से 7 मेडल इसी कैटेगरी में आए हैं। पीवी सिंधु अच्छी लय में दिख रही हैं। उन्होंने पिछले महीने जापान ओपन भी जीता था। वे अब तक 5 मेडल जीत चुकी हैं। उन्हें 9वीं सीडिंग मिली है। वहीं, सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पिछले साल ब्रॉन्ज दिलाया था।

### भारत के कितने खिलाड़ी खेल रहे हैं?

भारत के 10 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उसे सभी 5 कैटेगरी में दो-दो एंट्री मिली हैं।

- **पुरुष एकलः** लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी। **महिला एकलः** पीवी सिंधु, उन्नति हुडा।
- **पुरुष युगलः** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी, हरिहरन अम्सकरुनन-एमआर अर्जुन।
- **महिला युगलः** त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद, कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी।
- **मिश्रित युगलः** ध्रुव कपिला-तनीषा क्रास्टो, रोहन कपूर-रुथविका गद्दे, आशिथ सूर्या-अमृता प्रमुथेश।

## यशस्वी जायसवाल को रिलीज कर सकता है राजस्थान रॉयल्स

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2027 से पहले भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल को रिलीज कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंबई इंडियंस के हार्दिक पंड्या के साथ उनका ट्रेड हो सकता है।

खबर है कि राजस्थान का मैनेजमेंट जायसवाल के रवैये से खुश नहीं हैं। इसकी मुख्य वजह रियान पराग को उनसे पहले कप्तानी सौंपना बताई जा रही है। हालांकि, फ्रेंचाइजी या खिलाड़ी की ओर से इस पर कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। जायसवाल ने आईपीएल 2026 के 16 मैचों में 427 रन बनाए थे। उन्होंने 30.50 के एवरेज और 152.50 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। वे सीजन में सिर्फ 3 फिफ्टी लगा सके। पूरे सीजन में उनके ओपनिंग पार्टनर वैभव सूर्यवंशी स्पॉटलाइट में रहे। वैभव ने 16 मैचों में 237.30 की स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए। उन्होंने ऑरेंज कैप, सुपर सिक्सेस और सुपर स्ट्राइकर का खिताब जीता। राजस्थान रॉयल्स को फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर की जरुरत है। पिछले साल उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के साथ ट्रेड में संजू सैमसन के बदले सैम करन और रवींद्र जडेजा को टीम में शामिल किया था।

## हॉकी वर्ल्डकप- 32 साल से इंग्लैंड से नहीं जीता भारत



ब्रह्मास्त्र ›› एम्सटेलवीन

मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में भारत का आज सामना इंग्लैंड से होगा। टीम इंडिया 32 साल से वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को नहीं हरा पाई है। उसे आखिरी जीत 1994 में मिली थी। पूल-ऊ का यह मुकाबला शाम 6:30 बजे से वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत ने टूनामेंट की शुरूआत जीत के साथ की है। टीम ने 15 अगस्त को खेले गए पिछले मुकाबले में वेल्स को 3-1 से हराया था। वहीं इंग्लैंड को पाकिस्तान के खिलाफ 4-1 से जीत मिली थी।

**भारत पूल-ऊमें दूसरे स्थान पर-** भारत के ग्रुप में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स हैं। नए फॉर्मेट में हर पूल की टॉप-2 टीमें अगले चरण में पहुंचेंगी। भारत और इंग्लैंड अपने पहले मुकाबलों के बाद 3-3 अंक पर हैं। गोल डिफरेंस के आधार पर इंग्लैंड ग्रुप में टॉप पर है। यह मैच जीतने वाली टीम अगले राउंड की दावेदारी मजबूत कर लेगी।

**इंग्लैंड वर्ल्ड कप में भारत से लगातार जीता-** वर्ल्ड कप में भारत का इंग्लैंड के खिलाफ रिकॉर्ड चिंता बढ़ाने वाला है। भारत ने आखिरी बार 1994 में सिडनी में इंग्लैंड को वर्ल्ड कप मुकाबले में हराया था। इसके बाद 2002, 2006 और 2010 में इंग्लैंड ने जीत दर्ज की। 2014 में भी इंग्लैंड ने भारत को 2-1 से हराया। 2018 में दोनों टीमों का मुकाबला नहीं हुआ, जबकि 2023 वर्ल्ड कप में मैच 0-0 से ड्रॉ रहा था। भारत इस अनचाहे रिकॉर्ड को तोड़ने के मकसद से उतरेगा। ओलिंपिक में इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और नॉर्दर्न आयरलैंड के एथलीट्स ग्रेट ब्रिटेन के नाम के साथ खेलते हैं।

## खबर एक नजर...

### उंडासा पंचायत भवन में ध्वजारोहण के दौरान हंगामा

**उज्जैन।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर उंडासा स्थित ग्राम पंचायत भवन कार्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण के दौरान हंगामे की स्थित बन गई। जिसके चलते मामला मारपीट तक पहुंच गया। ध्वजारोहण के दौरान विवाद होने की खबर मिलते ही चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हंगाम कर रहे अमन बारोलिया को हिरासत में लिया। ग्राम के सरपंच रमेशचंद्र शर्मा ने ध्वजारोहण के बाद थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। सरपंच ने बताया कि ध्वजारोहण के दौरान गांधीजी, नेहरूजी, अम्बेडकरजी, सरस्वतीजी का फोटो लगाया गया था। इस दौरान अमन ने आकर विवाद शुरू कर दिया और कहने लगा कि भगतसिंह की फोटो क्यों नहीं लगाई। इसी बात पर उसने हंगामा किया और मारपीट पर उतारू हो गया। एसआई सुरेन्द्र मंडलोई के अनुसार अमन के खिलाफ धार्मिक भावना भड़काने, जति मूलवंश का संप्रवर्तन और सौहार्द्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के साथ लोकशक्ति भंग करने की धारा 196 (1)(ख), 299, 352 भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की गई। जिसे नोटिस तामिल कराकर जमानत पर रिहा किया गया है। प्रकरण जल्द ही न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### गाड़ी का फोड़ा कांच, विरोध करने पर मारपीट

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम निपानिया राजू में रहने वाले विष्णु पिता मेहरबान बागरी ने अपनी गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी, रात में गांव का रहने वाला बदमाश गणेश आया और विष्णु से शराब पीने के लिये 1 हजार रुपए हफ्ता देने की बात कहने लगा। विष्णु ने रुपए देने से मना किया तो उसने डंडे से उसकी गाड़ी का कांच फोड़ दिया। विष्णु ने उसे रोकने का प्रयास किया तो मारपीट शुरू कर दी। विष्णु के साथ मारपीट होती देख पत्नी ममता, बहन पूजा और पिता मेहरबान आये तो उनके साथ भी मारपीट की। आसपास के लोगों एकत्रित हुये तो बदमाश भाग निकला। राघवी पुलिस ने विष्णु की शिकायत पर तोड़फोड़, मारपीट और धमकी देने के साथ अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज किया है।

### रास्ते से ट्रेक्टर हटाने की बात पर भिड़े 2 परिवार

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के मियाखेड़ी में रविवार को ट्रेक्टर रास्ते से हटाने की बात पर 2 परिवार के बीच विवाद हो गया। दोनों परिवारों में जमकर लात-घूंसे चले। दोनों ओर से चार लोगों को चोंट आई। मामला पुलिस थाने पहुंचने पर दिलशाद पिता इशाक शेख ने शिकायत दर्ज कराई कि इकबाल खां ने अपना ट्रेक्टर बीच रास्ते में खड़ा किया था। हटाने की बात कहीं तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं इकबाल पिता मुनीर खां ने शिकायत दर्ज कराई कि ट्रेक्टर रास्ते में ट्रेक्टर खड़ा करने पर दिलशाद ने परिवार के साथ मिलकर मारपीट की है। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच मं लिया है। एक पक्ष से इकबाल और उसका पुत्र गब्बर घायल हुआ है। दूसरी ओर से दिलशाद और उसके परिवार के 2 सदस्यों को चोंट लगी है।

### दुर्घटना में घायल और जहर खाने वाले की मौत

**उज्जैन।** स्वतंत्रता दिवस पर सड़क दुर्घटना में घायल किशोर पिता राजेश मेघवाल 25 साल निवसी ढाबला केलवा सुसनेर हाल मुकाम महानंदानगर की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। दुर्घटना आगररोड पर अज्ञात वाहन से हुई थी। दूसरी मौत का मामला नीलगंगा थाना पुलिस ने दर्ज किया। नलखेड़ा के रहने वाले कमल पिता लक्ष्मीनारायण मेवाड़ा 25 साल ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। निजी अस्पताल में मौत होने पर पोस्टमार्टम कराया गया है।

### कोर्ट पेशी के बाद रास्ते में पति-पत्नी का विवाद

**उज्जैन।** ग्राम बमोरा में रहने वाले धीरज पिता गोपाल जाट 24 साल और उसकी पत्नी नेहा जाट 23 साल के बीच पारिवारिक विवाद कोर्ट में चल रहा है। नेहा जाट मायके पक्ष के साथ शंकरपुर में निवास कर रही है। 14 अगस्त को कोर्ट में तारिख पेशी थी। धीरज कोर्ट पहुंचा था, इस दौरान पत्नी नेहा भी परिवार के साथ आई थी। जहां से धीरज वापस लौट रहा था। इस दौरान पुरानी कोठी के पास उसका केस को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। पत्नी और उसके परिवार ने थप्पड़-मुक्को से मारपीट की और कहा कि आज के बाद दिख मत जाना नहीं तो जान से मार देगें। मामला माधवनगर थाने पहुंचने पर नेहा जाट ने शिकायत दर्ज कराई कि पति ने उसका रास्ता रोक पुराने केस को लेकर गाली-गलौच करते हुये हाथ से मोबाइल छुड़ाकर तोड़ दिया और मारपीट की। पुलिस ने दोनों की ओर से शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि पहले विवाद की शुरूआत किसने की।

### अग्रनारायणी परिवार ने मनाया रानी सती दादी का भव्य झूलनोत्सव

**उज्जैन।** अग्रवाल समाज के अग्रनारायणी परिवार द्वारा संस्थापिका सीमा अग्रवाल के नेतृत्व में मोदी की गली स्थित अग्रवाल भवन में रानी सती दादी के मंगल पाठ और झूलनोत्सव का आयोजन किया गया। सिंजारा तीज के अवसर पर आयोजित इस पाठ में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। महिलाओं ने भजनों पर झूमकर आनंद लिया। आयोजन में रानी सती दादी को छप्पन भोग लगाकर सुहाग सामग्री चढ़ाई गई। साथ ही हल्दी, मेहंदी, चुनरी, गजरा और झूला उत्सव मनाया गया।

5 8 0

**उज्जैन में नागपंचमी का पर्व और सावन माह की तीसरी सवारी पर दिखा आस्था का कुंभ**

# नागपंचमीः 36 घंटे तैनात रहेंगे 2400 पुलिसकर्मी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नागपंचमी का पर्व और सावन माह की तीसरी सवारी से एक दिन पहले बाबा महाकाल की नगरी में आस्था का कुंभ दिखाई दे रहा है। लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था के लिये 24 सौ पुलिसकर्मियों की तैनाती 36 घंटे के लिये रविवार शाम से कर दी गई है।

12 ज्योर्तिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी में आज नागपंचमी का पर्व होने के साथ सावन माह के तीसरे सोमवार पर निकलने वाली महाकाल की तीसरी सवारी का संयोग एक साथ बना है। महाकाल मंदिर के शिखर पर वर्ष में एक बार खुलने वाले भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर में दर्शन के लिये



लाखों की संख्या में एक दिन पहले ही श्रद्धालु पहुंच गये है। धार्मिक नगरी में हर बड़े आयोजन पर सुरक्षा-व्यवस्था का सबसे बड़ा जिम्मा पुलिस पर होता है। सोमवार को आस्था के 2 बड़े संयोग एक साथ होने पर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि नागपंचमी और तीसरी सवारी में सुरक्षा व्यवस्था के लिये रविवार शाम से 36 घंटे के लिये 24 सौ पुलिसकर्मियों की तैनाती महाकाल मंदिर, नागचंद्रेश्वर मंदिर, सवारी मार्ग के साथ मंदिर के आसपास क्षेत्रों में कर दी गई है। मंदिर क्षेत्र में एकत्रित सभी राजपत्रित अधिकारियों के साथ पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश देकर ड्युटी पाइंट पर रवाना कर दिया गया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना ना करना पड़े इसको लेकर 200 कैमरों से नजर रखी जा रहा है। जिसका कंट्रोलरूम मंदिर परिसर में बनाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए की गई व्यवस्थाओं का मौके पर जायजा लिया गया। इस दौरान मेडिकल सुविधाओं, पेयजल व्यवस्था, आवागमन, भीड़ प्रबंधन के साथ सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से निरीक्षण किया जा चुका है।

#### कैमरों के माध्यम से नजर रहेगी

एसपी प्रदीप शर्मा के अनुसार भगवान नागचंद्रेश्वर के 8 से 10 लाख श्रद्धालु दर्शन करेगें, इतने ही संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचेगें। वहीं सवारी मार्ग पर 5 से 6 लाख श्रद्धालुओं की मौजूदगी होगी। उन्होने माना यह पुलिस के लिये चुनौती भरा काम होगा, लेकिन उज्जैन पुलिस की जिम्मेदारी आस्था आपकी और सुरक्षा हमारी रहेगी। उन्होने श्रद्धालुओं से अपील करते हुये कहा कि दर्शन व्यवस्था के लिये की गई व्यवस्था, साइन बोर्ड और बेरिकेटिंग का पालन करें। सभी पर कैमरों के माध्यम से नजर रहेगी। व्यवस्था का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

**उज्जैन-इंदौर मार्ग पर पंचर खड़े ट्रक में घुसी कार**

# पत्नी की मौक पर हुई मौत, पति ने इंदौर में तोड़ा दम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुत्र से मिलने कार से निकले दंपति उज्जैन-इंदौर मार्ग पर सड़क हादसे का शिकार हो गये। पंचर खड़े ट्रक में कार पीछे से जा घुसी थी। पत्नी की मौके पर मौत हो गई। पति की इंदौर में उपचार के दौरान सांस थम गई। हादसे में दंपति के साथ सवार युवती और ट्रक का ड्रायवर घायल हुआ है।

आगर मालवा के सराफा बाजार में रहने वाले गोपालदास सोनी 55 साल आभूषण दुकान संचालित करते थे। वह 2 बच्चों के पिता थे। एक पुत्र इंदौर में रहता है। रविवार सुबह आगर से पत्नी रेखा सोनी 53 साल और दोस्त की पुत्री निशिता पिता मुकेश गर्ग 16 साल के साथ अपनी कार क्रमांक एमपी 42 सी 2786 में सवार होकर इंदौर के लिये निकले थे। उज्जैन तक का सफर पूरा करने के बाद इंदौर रवाना हुये थे। इस दौरान उज्जैन-इंदौर मार्ग रामवासा वृंदावन चौराहा पर ओव्हर टेक कर आगे निकलने का प्रयास करते समय सड़क किनारे पंचर खड़े ट्रक में कार पीछे से जा घुसी। हादसा होते ही कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ड्रायविंग कर रहे गोपालदास सोनी और उनकी



पत्नी रेखा सोनी गंभीर घायल हो गये। पीछे बैठी निशिता गर्ग भी घायल हो गई। नीलगंगा-नानाखेड़ा थाने की डायल 112 घटनास्थल पहुंची। लोगों की मदद से कार में फंसे दंपति को बाहर निकाला गया। रेखा सोनी की मौत हो चुकी थी। गोपालदास सोनी और निशिता गंभीर घायल थे। दोनों को उपचार के लिये इंदौर रैफर किया गया। रेखा सोनी का शव चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया। कुछ देर बाद खबर सामने आई कि इंदौर रैफर किये गये गोपालदास सोनी ने भी दम तोड़ दिया। नानाखेड़ा थाना प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि रेखा सोनी के मामले में मर्ग कायम कर परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया। इंदौर में गोपाल सोनी का पोस्टमार्टम होने के बाद शव को उज्जैन लाया गया। जहां से दोनों दंपति का शव अंतिम संस्कार के लिये आगर मालवा ले जाया गया। निशिता का इंदौर में उपचार चल रहा है, जिसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

#### हादसे में ट्रक ड्रायवर भी हुआ घायल

प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि हादसे में ट्रक का ड्रायवर आबिद पिता सरदार खान निवासी जामगोद सोनकच्छ भी घायल हुआ है। जिसके बयान दर्ज करने पर उसने बताया कि वह गेहूं का ट्रक लेकर इंदौर जा रहा था। टायर पंचर होने पर सड़क किनारे खड़ा कर पंचर टायर बदलने के लिये ट्रक के नीचे लेटकर जैक चढ़ा रहा था, उसी दौरान पीछे से कार आकर घुस गई।

#### जाम में फंसी एम्बुलेंस-डायल 112

सड़क हादसे के बाद एम्बुलेंस और डायल 112 को पहुंचने में देरी हो गई। जिसके चलते मार्ग पर जाम के हालत बन गये थे। पुलिस के पहुंचने के पर सामने आया कि शहर में नागपंचमी और सावन माह का तीसरे सोमवार की सवारी होने पर भीड़ अधिक होने से जाम लगा हुआ है, जिसके चलते पहुंचने में देरी हुई है। पुलिस ने जाम खुलवाया और सभी को अस्पताल पहुंचाया।

## रामघाट के शौचालय में लंबी कतार, श्रद्धालु परेशान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नागपंचमी और श्रावण सोमवार के चलते उज्जैन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसी बीच रामघाट क्षेत्र स्थित सार्वजनिक शौचालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें शौचालय के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतार दिखाई दे रही है। भीड़ के कारण यात्रियों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ रहा है।

**व्यवस्थाओं पर उठे सवाल, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

रामघाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में मूलभूत सुविधाओं को लेकर भीड़ का दबाव बढ़ गया है। वायरल वीडियो में शौचालय के बाहर महिलाओं और पुरुषों की लंबी कतार नजर आ रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि धार्मिक नगरी में बाहर से आने वाले यात्रियों की संख्या को देखते हुए सार्वजनिक शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था और बेहतर प्रबंधन होना चाहिए।

श्रद्धालुओं का कहना है कि पर्व के दौरान घाटों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त अस्थायी शौचालय, नियमित सफाई तथा कर्मचारियों की तैनाती की जानी चाहिए, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को लंबी कतार में खड़े रहने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के बाद अब सवाल उठ रहा है कि जब प्रशासन को पहले से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का अनुमान था, तो सार्वजनिक सुविधाओं को लेकर अतिरिक्त इंतजाम क्यों नहीं किए गए।

## गिरफ्त में शमशान घाट चोरी में फरार बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शमशान घाट पर बने कमरे में हुई चोरी के मामले में फरार चल रहा बदमाश कच्ची जहरीली शराब के साथ गिरफ्त में आ गया। उसके पूर्व में गिरफ्तार हो चुके थे। बदमाश को कोर्ट में पेश कर महिदपुर सब जेल भेजा गया है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 28 जुलाई की रात सत्या शमशान घाट पर बने कमरे का ताला तोड़कर बदमाशों ने इलेक्ट्रिक सामान के साथ बर्तन चोरी कर लिये थे। 2 दिन बाद मामले में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। एक आरोपी मोईनउद्दीन उर्फ राजा पिता इंसाफ शाह निवासी फकीर मोहल्ला महिदपुर हामू ट्रांसपोर्ट नगर महिदपुर फरार चल रहा था। जिसकी तलाश लगातार जारी थी। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कस्बे में सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान टांडा रोड पर कच्ची शराब बेचने के लिये खड़े एक व्यक्ति की सूचना मिलने पर पुलिस



टीम ने घेराबंदी और कच्ची शराब से भरी केन के साथ मोईनउद्दीन शाह को हिरासत में लिया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की गई तो उसने शमशान घाट चोरी में शामिल होना स्वीकार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में चोरी, अवैध हथियार, मारपीट, जान से मारने की धमकी देना जैसे 11 अपराध दर्ज है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

## 80वें स्वतंत्रता दिवस पर 80 यूनिट ब्लड डोनेट

### नारी शक्ति ने बढ़-चढ़कर की भागीदारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की सेवाभावी संस्था उज्जयिनी रक्त संचार संस्था ने देश के 80 वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष मे रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय कासमॉस मॉल मे किया। शिविर का शुभारंभ शुभेच्छा इन्फ्राबुल्स के हैड श्री लश्करी ने किया। इस अवसर पर शहर की महिला शक्ति ने भी बढचढकर रक्तदान किया जो एक सराहनीय पहल रही।संस्था के संस्थापक सुनील गुप्ता व रूपेश बिडवान ने बताया कि उज्जैनवाले ग्रुप, कासमॉस मॉल व पुष्पा मिशन अस्पताल की मेडिकल टीम का विशेष सहयोग रहा। कुल अस्सी यूनिट रक्त एकत्र किया गया जो पुष्पा मिशन अस्पताल को डोनेट किया गया ताकि आपातकालीन स्थिति मे जरूरतमंद मरीज को रक्त उपलब्ध हो सके और जीवन बचाया जा सके।



- **रक्त दान करके फख्र महसूस होता है-** इस स्वतंत्रता दिवस पर दसवीं बार रक्तदान किया और आजादी के दिवस को यादगार बनाया। हर बार रक्तदान करके फख महसूस होता है कि मेरा रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के काम आया।

**- श्रीमती बबीता सिकरवार।**

- **समाजसेवा मे हम पीछे क्यों रहें-** देश मे महिला सशक्तिकरण की बात होती है तो सोचने मे आता है कि हमारा सशक्त होना तभी मायने रखेगा जब हम भी समाजसेवा मे पुरूषों के साथ बराबरी से अपना योगदान दें। रक्तदान से श्रेष्ठ कोई सेवा नहीं है। ब्लड डोनेट करके बहुत अच्छी अनुभूति हो रही है।

**-रेखासिंह राजपूत।**

- **नरसेवा ही नारायण सेवा-** बचपन से ही सनातन धर्म मे नरसेवा को नारायण सेवा की सीख मिली जिसको जीवन मे उतारते हुए आज आजादी के जश्नवाले दिन रक्तदान करके बहुत खुशी मिल रही है।

**-नेहा सूर्यवंशी, उज्जैन।**

### सुसाइड नोट में लिखा माता पिता रखना ध्यान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्वतंत्रता दिवस की सुबह युवक ने फांसी लगा ली। दरवाजा तोड़ने पर उसका शव लटका मिला। पुलिस जांच के लिये पहुंची, मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला। जिसमें भाई को संबोधित करते हुये लिखा था, बच्चों और माता-पिता का ध्यान रखना।

घटनाक्रम नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदिया का है। यहां रहने वाला रितेश पिता आनंदीलाल गेहलोत दवा फैक्ट्री में काम करता था। स्वतंत्रता दिवस की सुबह उसने माता-पिता का चाय दी और कमरे में चला गया। कुछ देर बाद पिता उससे बुलाने पहुंचे तो कमरे का दरवाजा बंद था, काफी देर तक नहीं खुलने पर तोड़ा गया। रितेश फंदे पर लटका था। सूचना मिलने पर नागझिरी थाना एएसआई द्वारिका प्रसाद विवेचना के लिये पहुंचे। रितेश का शव फंदे से उतारा, उसके पास से सुसाइड नोट मिला।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com